# दैनिक बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 296 | जयपुर | शनिवार, 31 अगस्त, 2024 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष त्रयोदर्शी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की वेबसाइट भी लॉन्च की

# अगले 5 वर्षों में राजस्थान बनेगा 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था : सीएम शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का पहला 'इन्वेस्टर मीट' शुक्रवार को भारत की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस 'इन्वेस्टर मीट' के दौरान राजस्थान में निवेश के लिए राज्य सरकार के ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन और विभिन्न उद्योगपतियों के बीच 4.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। माननीय मुख्यमंत्री के अलावा राजस्थान सरकार के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस 'इन्वेस्टर मीट' में उद्योग एवं व्यापार जगत की कई जानी-मानी हस्तियां शामिल हुए और इस दौरान अक्षय ऊर्जा, सीमेंट, केमिकल्स और पेट्रोकेमिकल्स, नागरिक उड्डयन और आईटीआई के अपग्रेडेशन जैसे कई क्षेत्रों में निवेश के लिए एमओयू किया गया। प्रदेश में निवेश के लिए जिन प्रमुख भारतीय कंपनियों और औद्योगिक समूहों ने सरकार के साथ एमओयू किया, उनमें अदानी ग्रुप, वेदांता ग्रुप, जेएसडब्लू ग्रुप, टाटा ग्रुप, वारी ग्रुप, डालमिया ग्रुप और स्टार सीमेंट वगैरह शामिल हैं।




### इन्वेस्टर मीट में कई बड़ी कंपनियों ने लिया भाग

'राजस्थान राइजिंग' ग्लोबल समिट 2024 के पहले घरेलू 'इन्वेस्टर मीट' में भाग लेने वाले प्रमुख व्यापारिक नेताओं में अदानी सीमेंट्स और अदानी पोर्ट्स, एसईज़ेड और लॉजिस्टिक्स के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री करण अदानी, टाटा केमिकल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री आर. मुकुंदन, टाटा पावर के प्रबंध निदेशक और सीईओ डॉ. प्रवीर सिन्हा, हिंदुस्तान जिंक के सीईओ और वेदांता लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक श्री अरुण मिश्रा, जेके सीमेंट के उप प्रबंध निदेशक और सीईओ श्री माधव सिंघानिया, जेएसडब्लू एनर्जी के ज्वाइंट मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शरद महेंद्रा, सेरेंटिका रिन्यूएबल्स के सीईओ अक्षय हीरानंदानी और कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के पश्चिमी क्षेत्र की अध्यक्ष सुश्री स्वाति सालगांवकर वगैरह शामिल थे।

### राज्य के प्रति निवेशकों का बढ़ा भरोसा

इस अवसर पर बोलते हुए राजस्थान सरकार के मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा, 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 तहत हमने स्ट्रेटिजिक सेक्टर्स और राज्य में निवेश के लिए मौजूद अवसरों की पहचान कर रखी है। 'विकसित राजस्थान' 2047 की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। आजकल राजस्थान सरकार महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय कुछ ही घंटों में ले लेती है, जबकि पहले ऐसे निर्णय लेने में महीनों और वर्षों का समय लग जाता था। निवेशकों से मिले अब तक की जबरदस्त प्रतिक्रिया से पता चलता है कि राजस्थान और इसकी क्षमता पर उनके विश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हमारी कोशिश है कि यह गति बरकरार रहे। इस 'इन्वेस्टर मीट' के बाद माननीय मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने देश के कई बड़े उद्योगपतियों से भी मिले और उन्हें राजस्थान में निवेश करने तथा निवेशकों के लिए बनाए जा रहे अनुकूल इको सिस्टम और नीतियों का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में महिंद्रा एवं महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन श्री आनन्द महिंद्रा, जेएसडब्लू ग्रुप के चेयरमैन श्री सज्जन जिंदल, प्रॉक्टर एंड गैम्बल के भारत और दक्षिण एशिया के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री कुमार वेंकटासुब्रमण्यिन, वेदांता ग्रुप की नॉन-एक्ज़ीक्यूटिव डायरेक्टर और हिंदुस्तान ज़िंक की चेयरपर्सन सुश्री प्रिया अग्रवाल, एस्सार ग्रुप के ग्रुप डायरेक्टर श्री अंशुमान रुइया, अवादा ग्रुप के चेयरमैन श्री विनीत मित्तल, इमैजिका एंटरटेनमेंट के सीईओ श्री धीमंत बख्शी, और यूपीएल लिमिटेड के श्री राज तिवारी शामिल हैं।

### राज्य में उद्योग-धंधे लगाने के लिए निवेशकों और कारोबारियों को आमंत्रण

इस 'इन्वेस्टर मीट' में बोलते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने कहा, 2047 तक 'विकसित भारत' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 'विकसित राजस्थान' का होना जरूरी है। राजस्थान अपार संभावनाओं से लैस प्रदेश है जहां प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन हैं। इसके अलावा हमारे राज्य में स्किल्ड वर्कफोर्स की भरमार है और यहां निवेश के असीमित अवसर हैं। मैं निवेशक समुदाय, कॉरपोरेट्स और बाकी अन्य संस्थानों को हमारे खूबसूरत राज्य में आने के लिए आमंत्रित करता हूं। आइए और राजस्थान सरकार की निवेशकों के अनुकूल नेक्स्ट जेनरेशन नीतियों का लाभ उठाइए।

### राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना को दिया गया नया स्वरूप

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के उद्योग मंत्री माननीय कर्नल राज्यवर्धन राठौर ने कहा, राजस्थान में केवल एक ही वीआईपी है, वह है राजस्थान में निवेश करने वाला निवेशक। राजस्थान के विकास के अपने सपने को साकार करने के लिए हमारे पास राजनीतिक इच्छाशक्ति है। इतने कम समय में निवेशकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया ने हमें बड़े सपने देखने के लिए पंख दिए हैं और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 को बड़ी सफलता बनाने के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है।


### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के बारे में

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, बीआईपी और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है। इस त्रि-दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश-विदेश की बड़ी-छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आकर्षित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग-धंधे लगाने में मदद करना और सुविधाएँ मुहैय्या कराना है।

## सेंसेक्स 82,637 और निफ्टी ने 25,249 के ऑल-टाइम हाई बनाया

### बाजार 231 अंक की तेजी के साथ 82,365 पर बंद, सिप्ला निफ्टी का टॉप गेनर रहा

बढ़ता राजस्थान



मुम्बई (एजेंसी)। सेसेंक्स ने यानी 30 अगस्त को 82,637 और निफ्टी ने 25,249 का नया ऑलटाइम हाई बनाया। दिनभर के कारोबार के बाद सेसेंक्स 231 अंक की तेजी के साथ 82,365 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 83 अंक की तेजी रही, ये 25,235 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 21 में तेजी और 9 में गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 41 में तेजी और 9 में गिरावट रही। सिप्ला निफ्टी का टॉप गेनर रहा।

**एशियाई बाजारों में भी तेजी :** एचडीएफसी बैंक, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाइटन बाजार को ऊपर खींच रहे हैं। बजार को चढ़ाने में सबसे ज्यादा एचडीएफसी बैंक के 67.58 पॉइंट का कॉन्ट्रिब्यूशन है। जबकि, रिलायंस, टाटा मोटर्स और टेक महिंद्रा को नीचे खींच रहे हैं। एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.58% और हॉन्गकॉन्ग के हैंगसेंग में 1.38% की तेजी है। चीन का शंघाई कंपोजिट 1.18% और कोरिया का कोस्पी 0.59% चढ़ा हुआ है। एनएसई के डेटा के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने 29 अगस्त को 3,259.56 करोड़ के शेयर खरीदे। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने भी 2,690.85 करोड़ के शेयर खरीदे। 29 अगस्त को अमेरिकी बाजार का डाओ जोंस 0.59% चढ़कर 41,335 के स्तर पर बंद हुआ। नैस्डैक 0.23% गिरा, ये 17,516 के स्तर पर बंद हुआ। एस एण्ड पी 500 0.0039% की गिरावट के साथ 5,591 के स्तर पर बंद हुआ।

## अवनी लेखरा ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड जीता

### विमेंस 10 मीटर एयर राइफल में 249.7 स्कोर किया; मोना अग्रवाल को ब्रॉन्ज मेडल

बढ़ता राजस्थान

पेरिस (एजेंसी)। अवनी लेखरा ने पैरालिंपिक गेम्स में भारत को पहला मेडल दिला दिया है। उन्होंने विमेंस 10 मीटर एयर राइफल शूटिंग की एसएचवी कैटेगरी में पैरालिंपिक रिकॉर्ड के साथ गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने 249.7 स्कोर किया। पिछला पैरालिंपिक रिकॉर्ड 249.6 भी अवनी के ही नाम था, जो उन्होंने टोक्यो में बनाया था। कोरिया की युनरी ली को सिल्वर मिला, उनका स्कोर 246.8 रहा। भारत की ही मोना अग्रवाल ने 228.7 के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज मेडल जीत लिया। क्वालिफिकेशन राउंड में अवनी दूसरे और मोना पांचवें नंबर पर रही थीं।



**एक समय टॉप पर पहुंच गई थीं मोना अग्रवाल :** क्वालिफिकेशन राउंड में अवनी लेखरा दूसरे और मोना अग्रवाल पांचवें नंबर पर रही थीं। फाइनल में 2 राउंड की शूटिंग बाकी थी, तब मोना 208.1 स्कोर के साथ टॉप पर थीं। अवनी दूसरे और कोरियन शूटर तीसरें नंबर पर थीं। सेकेंड लास्ट राउंड में कोरियन शूटर ने पहला स्थान हासिल कर लिया और अवनी दूसरे पर पहुंची। जबकि मोना तीसरे नंबर पर रहकर गोल्ड मेडल की रेस से बाहर हो गईं। आखिरी राउंड में अवनी ने पैरालिंपिक रिकॉर्ड बनाया और 249.7 के स्कोर के साथ गोल्ड जीत लिया। जबकि कोरियन शूटर 246.8 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर रही।

#### डिस्कस थ्रो में छठे नंबर पर रहीं साक्षी

विमेंस डिस्कस थ्रो की एफ55 कैटेगरी के फाइनल में भारत की दोनों एथलीट्स मेडल से चूक गईं। साक्षी कसाना छठे और ज्योति करम 7वें नंबर पर रहीं। साक्षी का बेस्ट स्कोर 21.49 और ज्योति का 20.22 रहा। चीन की फेक्सिया डोंग ने 26.39 के बेस्ट स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। मेक्सिको की मारिया रोसा को सिल्वर और लात्विया की डायना क्रूमिना को ब्रॉन्ज मेडल मिला।

## बिहार सरकार के पूर्व मंत्री श्याम रजक एक सितंबर को जदयू में होंगे शामिल

बढ़ता राजस्थान

**पटना (एजेंसी)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और राष्ट्रीय जदता दल (राजद) के पूर्व महासचिव श्याम रजक एक सितंबर को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाईटेड का दामन थामेंगे। रजक ने बीते 22 अगस्त को राजद के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया था। रजक की बिहार जदयू में दूसरी पारी है। पिछली बार भी वह राजद से सीधे जदयू में आए थे और इस बार भी वह ऐसा ही करने जा रहे हैं। उनकी पसंदीदा फुलवारीशरीफ विधानसभा सीट के लिए जदयू से भरोसा मिल गया है। श्याम रजक ने जून 2009 में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय महासचिव के पद से इस्तीफा दे दिया था। वे जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी में शामिल हो गए थे और अखिल भारतीय धोबी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। रजक ने एक से अधिक बार फुलवारी सीट का प्रतिनिधित्व किया है। वे लालू प्रसाद यादव के नेतृत्व वाली पिछली राजद पार्टी के प्रमुख नेताओं में से एक थे। रजक नीतीश कुमार की सरकार में पूर्व मंत्री थे।

### शिवाजी की प्रतिमा गिरने पर पीएम मोदी ने सिर झुकाकर मांगी माफी

## बोले- हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मालवण में छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति ढहने की घटना पर पीएम नरेंद्र मोदी ने माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज हमारे लिए सिर्फ एक नाम नहीं है। आज मैं सिर झुकाकर अपने भगवान छत्रपति शिवाजी महाराज से माफी मांगता हूं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि हमारे संस्कार अलग हैं, हम वो लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं। वे लोग वीर सावरकर को गालियां देने के बाद भी माफी मांगने को तैयार नहीं हैं। उनको पाश्चाताप नहीं होता है... महाराष्ट्र की जनता उनके संस्कार को अब जान गई है। मोदी ने कहा कि जब 2013 में भाजपा ने मुझे प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में निश्चित किया, तो मैंने सबसे पहले रायगढ़ के किले में जाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की समाधि के सामने बैठ कर प्रार्थना की और राष्ट्रसेवा की एक नई यात्रा आरंभ की थी।

उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग छत्रपति शिवाजी महाराज को अपना देवता मानते हैं और इससे उन्हें बहुत ठेस पहुंची है, मैं सिर झुकाकर उनसे माफी मांगता हूं। हमारे मूल्य अलग हैं। हमारे लिए हमारे देवता से बड़ा कुछ नहीं है। मोदी ने आगे कहा कि महाराष्ट्र के पास विकास के लिए सामर्थ्य भी है और जरूरी संसाधन भी है। यहां समुद्र के तट भी है और इन तटों से अंतरराष्ट्रीय व्यापार का सदियों पुराना इतिहास भी है। यहां भविष्य की अपार संभावनाएं भी हैं। इन अवसरों का पूरा लाभ महाराष्ट्र और देश को मिले... इसके लिए आज वाढवण पोर्ट की नींव रखी गई है। यह देश का सबसे बड़ा कंटेनर पोर्ट होगा। ये देश ही नहीं, बल्कि दुनिया के सबसे गहरे पोर्ट में से एक महत्वपूर्ण पोर्ट होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने दो-तीन दिन पहले ही दिघी बंदरगाह औद्योगिक क्षेत्र के विकास को भी मंजूरी दे दी है। यानि, ये महाराष्ट्र के लोगों के लिए डबल खुशखबरी है।

ये छत्रपति शिवाजी के सपनों का भी प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की प्रगति यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है। भारत की प्रगति यात्रा में आज एक ऐतिहासिक दिन है। विकसित महाराष्ट्र, विकसित भारत के संकल्प का एक अनिवार्य हिस्सा है।

## ज्वेलर की हत्या-लूट का एक और आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



भिवाड़ी (नि.स.)। भिवाड़ी के कमलेश ज्वेलर्स के मालिक की हत्या-लूट मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बदमाश को हरियाणा से पकड़ा। इस दौरान बदमाश पुलिस को देखकर भागने लगा। बदमाश नीचे गिर गया और उसका एक पैर टूट गया। तिजारा डीएसपी शिवराज सिंह ने बताया- पकड़ा गया आरोपी अनिल संभल (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। लंबे समय से हांसी (हरियाणा) में रह रहा था। अनिल ड्रवइवर है। वारदात में अनिल ने अपनी ही कार का इस्तेमाल किया था। वह खुद ही उसे चला रहा था। तिजारा डीएसपी ने बताया कि आज जब पुलिस बदमाश को पकड़ने गई तो वह भगाने लगा। इस दौरान गिरने की वजह से उसके दाहिने पैर और हाथ में चोट लग गई। अनिल को भिवाड़ी लाकर सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया है। फिलहाल जिला अस्पताल को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और किसी को भी अस्पताल के आसपास नहीं आने और जाने दिया जा रहा है। इससे पहले पुलिस एक आरोपी प्रीत को गिरफ्तार कर चुकी है। 23 अगस्त की रात 7:30 बजे भिवाड़ी के सेंट्रल मार्केट में कमलेश ज्वेलर्स में वारदात हुई थी। 5 बदमाशों ने शोरूम मालिक जयसिंह, उसके भाई मधुसूदन और बेटे वैभव से मारपीट की थी। जयसिंह और मधुसूदन को गोली मार दी थी। इलाज के दौरान जयसिंह की मौत हो गई थी। इस वारदात में एक सिक्योरिटी गार्ड को भी गोली लगी थी। गार्ड दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती है।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, प्रागपुरा में प्रसारित

दैनिक बढ़ता राजस्थान

# मंथन से निकले निष्कर्ष और सुझावों पर बनेगा प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप : डीजीपी साह

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** 'पुलिसिंग विद एक्सीलेंस-द वे फॉरवर्ड' की थीम पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में शुक्रवार को सम्पन्न हुई दो दिवसीय 'स्टेट लेवल पुलिस ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस' के तकनीकी सत्रों में पुलिस अधिकारियों एवं विषय विषेषज्ञों के प्रेजेंटेशंस, ग्रुप डिस्कसंस, खुली चर्चाओं और क्वेश्चन-आंसर सेशंस में चिंतन-मनन के निष्कर्षों के आधार पर प्रदेश में और बेहतर पुलिसिंग का रोडमैप तैयार किया गया है। कॉन्फ्रेंस में आए सुझावों और अनुशंसाओं से प्रदेश में बेहतर पुलिसिंग के लिए नीति निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा।

**डीजीपी ने बढ़ाया पुलिस टीम का मनोबल :** कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन आयोजित तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता करते हुए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने कहा कि कॉन्फ्रेंस के सेशंस में गहन मंथन से कई महत्वपूर्ण सुझाव निकलकर सामने आए हैं। पुलिस मुख्यालय के स्तर से इन सुझावों और अनुशंसाओं को समाहित करते हुए एक ड्राफ्ट तैयार किया जाएगा। इसे आने वाले दिनों में अंतिम रूप देकर उच्च स्तर पर भेजा जाएगा। श्री साहू ने तकनीकी सत्रों के दौरान प्रदेश में अपराध नियंत्रण और जनसुरक्षा के लिए प्रदेश की पुलिस टीम की सक्सेस स्टोरीज और केस स्टडीज की सराहना करते हुए पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए अपराधियों और उनके फॉलोअर्स को तलाशने, संदिग्धों की पहचान और अन्य लिंकेजेज की पड़ताल जैसी कार्वाइयों को लगातार जारी रखा जाए।

**'डिजिटल सिटीजन' तैयार करने के लिए साझा कैंपेन का सुझाव :** ऑर्गेनाइजेशन कमेटी की चेयर पर्सन एवं एडीजी (ट्रेनिंग) मालिनी अग्रवाल ने बताया कि कांफ्रेंस के अंतिम दिन साइबर सिक्योरिटी, डार्क वेब, साइबर क्राइम इंवेस्टिगेशन एवं क्रिप्टो करेंसी के विषयों पर एडीजी (टी एंड टी) बिपिन कुमार पांडे के नेतृत्व में आईजी साइबर क्राइम शरत कविराज के साथ पुलिस ऑफिसर्स ने ग्रुप प्रजेंटेशन दिया। इस सत्र की अध्यक्षता डीजी (एसीबी) रवि प्रकाश मेहरड़ा ने की। इस सत्र में यह बात प्रमुख रूप से उभरकर आई कि आने वाले समय में साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए प्रदेश में डिजिटल लिटरेसी और अवेयरनेस के लिए कैंपेन चलाते हुए नागरिकों को 'डिजिटल सिटीजन' के तौर पर सक्षम बनाने की जरूरत है। इसके लिए सभी स्तरों पर साझा प्रयास किए जाएं।

**एजीटीएफ की सक्रियता से संगठित अपराधों पर नकेल :** 'इमर्जिंग ट्रेंड्स ऑफ क्राइम इन राजस्थान: इवोलविंग ए यूनिफाइड स्ट्रेटेजी टू कॉम्बेट इंटर एंड इंट्रा स्टेट गैंग्स' पर एडीजी क्राइम दिनेश एमएन की अगुआई में आईजी क्राइम ब्रांच प्रफुल्ल कुमार और पुलिस ऑफिसर्स की टीम द्वारा दिए गए प्रजेंटेशन में प्रदेश में संगठित अपराधों की पृष्ठभूमि, मौजूदा परिदृश्य और उस पर नियंत्रण के लिए गत महिनों में एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) द्वारा उठाए गए कदमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें बताया गया कि राजस्थान पुलिस की गैंगस्टर्स और उनसे जुड़े लोगों पर सतत कार्वाइयों और सक्रिय प्रयासों से प्रदेश में गैंगवार और संगठित अपराध के प्रकरणों में लगातार गिरावट दर्ज की गई है। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी और इनके उपभोग की रोकथाम के लिए संचालित अभियान में भारी मात्रा में अफीम, गांजा एवं डोडा पोस्त के साथ सिंथेटिक ड्रग्स और मेडिकेटेड ड्रग्स की भी जब्ती की गई है। सत्र के मॉडरेटर एडीजी (आर्म्ड बटालियन) आनंद श्रीवास्तव थे।

## पेपर लीक पर एसआईटी के एक्शन से लौटा युवाओं में विश्वास

डीजीपी साहू की अध्यक्षता में आयोजित 'कॉपिंग विद चैलेंजेस ऑफ चीटिंग इन कॉम्पिटिटिव एग्जामिनेशन नीड फोर मल्टी डायमेंशनल अप्रोच' सेशन में एटीएस और एसओजी के एडीजी श्री वीके सिंह के नेतृत्व में दिए गए प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि राज्य सरकार द्वारा गत 16 दिसम्बर को इस मामले में गठित एसआईटी की सतत और प्रभावी कार्रवाइयों के सकारात्मक नतीजे सामने आए हैं। एडीजी श्री सिंह ने बताया कि एसआईटी की कारवाईयों से जो लर्निंग हुई है, उसे अन्य प्रदेशों के साथ भी साझा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पेपर लीक के मामलों की जानकारी देने के लिए एसओजी द्वारा जो हेल्पलाइन बनाई गई है, उस पर युवा और आमजन खुलकर तथ्यों के साथ में उपयोगी सूचनाएं साझा करते हैं। इनके आधार पर एसआईटी ने कार्रवाइयों को अंजाम दिया है, जिससे लोगों में यह विश्वास कायम हुआ है कि उनको सुना और समझा जा रहा है तथा उनकी सूचना पर एसओजी प्रभावी एक्शन ले रही है। इस सत्र के मॉडरेटर एडीजी (कार्मिक) संजीब कुमार नार्जरी थे।

## राष्ट्रीय खेल सप्ताह का शुभारम्भ, विधार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (नि.स.)।** कस्बा स्थित राजकीय सरदार उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को राष्ट्रीय खेल सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। प्रधानाचार्य मनोरमा यादव ने प्रभात फेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस आयोजन में विद्यालय के एनसीसी, एनएसएस, स्काउट के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढकर भाग लिया। फेरी ने शहर के विभिन्न मार्गों और क्षेत्रों से होकर विद्यालय तक का सफर तय किया। प्रधानाचार्य ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि खेल ना केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं, बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि खेल भावना से जीवन में अनुशासन, टीमवर्क और नेतृत्व के गुण विकसित होते हैं, जो छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनायें और इसके माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनें।

खेल प्रभारी पीटीआई अमित कुमार शर्मा ने विधार्थियों को विभिन्न खेलों की जानकारी दी। प्रभात फेरी के समापन पर विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई। खेल सप्ताह में विद्यालय में अनेक खेलों का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं विभिन्न आयु वर्गों में भाग ले सकेंगे। इस दौरान अतिथियों ने अपने विचार साझा किये और विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान संदीप कुमार जांगिड़, अमित कुमार शर्मा, शिवकुमार, भीम सिंह गुर्जर, वीरेंद्र सिंह यादव, राजकुमार सैनी, बलवंत सिंह, विजय कुमार सैनी, मनीषा यादव, सरोज यादव समेत स्टॉफ सदस्य व विधार्थी मौजूद रहे।

## डी.टी.डी.पाउडर छिड़काव तथा बंद पड़ी रोड़ लाईटो को चालू करवाने की मांग आयुक्त को सौपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (नि.स.)।** वार्ड नम्बर 19 की पार्षद मीनू बंसल ने नगरपरिषद आयुक्त को सफाई व्यवस्था दुरूस्त करवाने, डी.टी.डी. पाउड छिड़काव व फोगिगं करवाने तथा गत एक माह से बंद पड़ी रोड़ लाईटो को ठीक करवाने के लिए पत्र लिखा। पार्षद मीनू बंसल ने बताया कि वार्ड नम्बर 19 में पिछले कई दिनों से गन्दगी अपनी चरम सीमा पर व्याप्त है। नगरपरिषद के सफाई कर्मी व ठेकेदार साफ-सफाई करने में लापरवाही बरत रहे है। जिसकी शिकायत से पहले भी कई बार अवगत करा चुके है। पुरे वार्ड मे जगह जगह कचरे के ढेर लगे हुए है और बारिस के चलते नालियो में भी धुल मिट्टी जमा होने से पानी बाहर रास्ते में फैल रहा है।

अब स्थिति ऐसी हो चुकी है की पुरे वार्ड में दुर्गन्ध के साथ साथ मच्छर पनप रहे है। जिससे कई तरह कि बिमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। पार्षद ने कहा कि गन्दगी व नालियों कि सफाई करवाकर डी.टी.डी. पावडर का छिड़काव तथा फोगिगं करवा देने से मलेरिया, चिकनगुनिया और डेंगू जैसी खतरनाक बिमारी फैलने का अंदेशा खत्म हो जायेगा। वहीं वार्ड मे गत एक माह से अनेक रोड़ लाईटे बंद पडी है। जिससे इस बारिस के मौसम मे वार्ड वीसियों को काफी परेशानी हो रही है। लाईट सुधारने वाले ठेकेदार को इस सम्बंध में अनेक बार अवगत करवा दिय गया है परन्तु वो कहते है कि मेरे पास लाईटो को ठीक करने का समान नही है। जिस पर आयुक्त ने पुरे वार्ड कि नालियों की सफाई, कचरे के लगे ढेर को उठवाकर कीटनाशक दवा का छिड़काव करने तथा लाईटो को चालू करवाने का आश्वासन दिया।

## बेकाबू होकर ट्रोला पुलिया की बीस फीट ऊंचाई से नीचे गिरा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस पुलिया से शुक्रवार देर शाम एक ट्रोला गिर गया। बताया जा रहा है कि पुलिया पर करीब बीस फीट ऊंचाई पर ट्रोला अनियंत्रित हुआ था और तेज स्पीड ट्रोला पुलिया की दीवार तोड़ते हुए नीचे सर्विस लाइन में जा रहे पानी टैंकर पर जाकर गिरा। इस हादसे में पानी टैंकर चालक के हाथ में चोट आने पर स्थानीय अस्पताल मे भर्ती करवाया है। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोला-टैंकर को रोड किनारे खड़ा कर ट्रैफिक सुचारू करवाया।

हेड कांस्टेबल महावीर ने बताया कि दिल्ली-अजमेर एक्सप्रेस पुलिया पर एक खाली ट्रोला अजमेर की ओर जा रहा था। एक्सप्रेस पुलिया पर तेज स्पीड ट्रोला अनियंत्रित हो गया और डिवाइडर छलांगते हुए दूसरी तरफ आकर ट्रोला पुलिया की दीवार तोड़कर निवारू रोड स्थित नेहा मोटर्स के पास बीस फीट नीचे सर्विस लाइन पर जा रहे पानी टैंकर के ऊपर जा गिरा। धमाके की आवाज सुनकर सर्विस लाइन पर मौजूद दुकानों में बैठे लोग बाहर निकल आए। दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को देखकर अनहोनी की आशंका को लेकर घटनास्थल पर पहुंचे। हादसे की सूचना तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को देने पर पुलिस मौके पर पहुंची। हादसे के बाद मौके से ट्रोले का चालक भाग निकला। हादसे में घायल टैंकर चालक के हाथ में चोट लगने पर तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया।

पुलिस ने सर्विस लाइन पर क्षतिग्रस्त दोनों वाहनों को हटाने के लिए क्रेन बुलवाई। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रोल व टैंकर को सर्विस लाइन रोड से साइड कर खड़ा करवाया। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद बाधित ट्रैफिक को पूरी तरह चालू करवाया गया। पुलिस को एक्सप्रेस पुलिया के ऊपर भी एक क्षतिग्रस्त कार भी खड़ी मिली है। पुलिस क्षतिग्रस्त कार के ड्राइवर के साथ ही ट्रोला ड्राइवर की तलाश कर रही है। ट्रोला ड्राइवर के मिलने के बाद ही एक्सीडेंट के कारण का पता चला सकेगा।

रक्तदान महाशिविर को बनाना होगा सफल

## अब नहीं होगा मानव रक्त का किसी जरूरतमंद को अभाव

### अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद करेगी सेवार्थ भाव से मानव रक्त की पूर्ति

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** शुक्रवार दिनांक 30/08/2024 को श्री पिंजरापोल गौशाला स्थित जैविक वन औषधीय पार्क में राजस्थान राज्य में मानव रक्त की भारी कमी के देखते हुए आगामी 01 सितम्बर 2024 दिन रविवार को रक्तदान महाशिविर का आयोजित करने के सन्दर्भ में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया । इस अवसर पर अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद् के अंतर्राष्ट्रीय संयोजक डॉ0 अतुल गुप्ता ने उपस्थित जन मानस को बताया कि गौऋषि स्वामी प्रकाश दास महाराज के सानिध्य में आयोजित होने वाले इस महाशिविर से 500 से 1000 यूनिट रक्त एकत्र किया जायेगा जिससे कि जरूरतमंद व्यक्तियों को वक्त रहते मानव रक्त की पूर्ति हो सके व उनकी जिंदगी बचाई जा सके । इस हेतु उनके आव्हान पर विभिन्न टोलियों के माध्यम से शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावासों व समाज के विभिन्न वर्गों से सघन अभियान के द्वारा उक्त रक्त दान शिविर के बारे में जागरूकता फ़ैलाने व अधिकाधिक संख्या में उच्च गुणवत्ता के रक्तदान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे । इस अवसर पर डॉ0 अतुल गुप्ता ने बताया कि राजस्थान राज्य के राज्यपाल महामहिम हरिबाहू किशनराव बागड़े ,गृह एवं गौपालन मंत्री जवाहर सिंह बेढम , हैदराबाद से स्वामी अनंतनारायण महाराज, विधायक , विभिन्न समाज के गणमान्य पदाधिकारी, गौभक्त व अन्य सेवदारियों की टीम उपस्थित रहेगी । श्योपुर-सांगानेर विकास समिति मंच द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के बारे में संयोजक भानु प्रकाश गौतम एवं जगदीश चंद्रावत, लोकेश चेतीवाल, रेखा शर्मा व दीपेश शर्मा द्वारा महा रक्तदान में सभी समाजों के साथ बैठकर परिचर्चा की । इसी क्रम में विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर मुकेश भारद्वाज, और कमलेश टांक द्वारा अलग-अलग कार्यसमितियाँ गठित कर योजना बनाई गई ।

## तृतीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप : राजस्थान टीम बनी उपविजेता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** तृतीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 28 अगस्त से 29 अगस्त 2024 तक गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) में आयोजित की गई। उसमें राजस्थान टीम ने 373 अंक लेकर उप विजेता रही। वहीं यूपी टीम 395 अंक लेकर विजेता रहे। राजस्थान मास्टर संघ के सचिव सत्यनारायण सैनी ने बताया राजस्थान टीम ने 9 स्वर्ण पदक 4 सिल्वर पदक प्राप्त कर उपविजेता रही।

पदक विजेताओं में महेश चंद्र महात्मा,2 गिरधारी लाल सैनी,चंद्रशेखर,चंद्र प्रकाश सैनी, चंद्र कुमार अवस्थी, रामदयाल चौधरी, सत्यनारायण माली, अमित शर्मा, त्रिलोकी नाथ शर्मा, भगवान सिंह शेखावत, सौरभ मेहता,जितेंद्र राका और पूनम शर्मा है।

## बछ बारस पर महिलाओ ने अपने पुत्र की दीर्घायु के लिए की गौवत्स की पूजा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** श्री पिंजरापोल गौशाला जयपुर के सदस्य राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि पिंजरापोल गौशाला सांगानेर में बछ बारस महोत्सव मनाया गया । इस अवसर पर सुबह 6 बजे से ही महिलाए परिवार सहित श्री पिंजरापोल गौशाला सांगानेर जयपुर में पधार कर गौमाता एवम बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र की दीर्घायु की मंगल कामना की।

शुक्रवार को बछ बारस के अवसर पर गो भक्तों एवम गौशाला समिति के द्वारा 2700 गौ वंश के लिए 270 किलो मक्के के आटे की रोटी बनाकर गौ माता को खिलाया । प्रात:काल गौशाला के महामंत्री शिवरतन चितलांगिया,मंत्री विवेक लड्डा, राधेश्याम विजयवर्गीय ,शंकर लाल सोनी परिवार सहित पधार कर गौमाता एवम बछड़े की आरती कर सभी गौभक्तो की खुशहाली की मंगलकामना की। सुबह से ही हजारों महिलाए गौशाला पधार कर गौमाता को और बछड़े को वस्त्र पहना कर गुड़, मक्का की रोटी, चना, हरा चारा आदि खिला कर गौमाता की आरती पूजा कर अपने पुत्र की दीर्घायु एवम परिवार की खुशहाली की मंगल कामना की। सुबह से ही श्री ठाकुर गोविंद देव चतुर्वेद विद्यापीठ सांगानेर के विद्यार्थीयो ने गुरुजी श्री नितिन जी तिवारी की उपस्थिति में गौमाताओ को गायत्री मंत्री एवम वेद पाठ गौमाताओं को सुनाया।

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** बाइस गोदाम पुलिया के पास शुक्रवार दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर जीआरपी थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है।

हेड कांस्टेबल महेश ने बताया कि मृतक अब्दुल सलाम (40) पुत्र अब्दुल शकुल निवासी कच्ची बस्ती बाइस गोदाम सोडाला का रहने वाला था,जो कलर-पेंट का काम करता था। वह घर से काम पर जाने के लिए निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर बाइस गोदाम पुलिया के नीचे रेलवे ट्रेक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया।

टक्कर लगने से क्षत-विक्षत हालत में उसका शव रेलवे ट्रेक पर पड़ा मिला। जीआरपी थाना पुलिस सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएमएस हॉस्पिटल के मुर्दाघर में रखवाया। पुलिस ने मृतक के आत्महत्या की बात से भी इंकार नहीं किया है।

## तेज़ी से बढ़ते मेन्स वियर वेडिंग मार्केट में रेमंड लाइफ़स्टाइल को मज़बूत वृद्धि हासिल होने की उम्मीद

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** रेमंड समूह की जल्द ही सूचीबद्ध होने वाली अलग इकाई रेमंड लाइफ़स्टाइल लिमिटेड (आरएलएल) ने 2027 तक तेज़ी से बढ़ते मेन्स वियर वेडिंग मार्केट में लगभग 7 प्रतिशत बाज़ार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 15 फीसदी चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) का लक्ष्य रखा है। भारतीय मेन्स वियर वेडिंग मार्केट का अनुमानित आकार लगभग 75,000 करोड़ रुपये है और रेमंड 100 वर्षों की विरासत के साथ इस मार्केट में सबसे बड़ी ब्रांडेड कंपनी है। रेमंड लाइफ़स्टाइल लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024 में वेडिंग कारोबार से 2550 करोड़ रुपये की बिक्री की है, जिसमें रेमंड की वेडिंग और सेरेमोनियल पोशाक और इसकी भारतीय एथनिक वियर पेशकश एथनिक्स शामिल है। बढ़ते वेडिंग मार्केट पर ध्यान केंद्रित करने के बारे में टिप्पणी करते हुए, रेमंड लाइफ़स्टाइल के सीईओ, श्री सुनील कटारिया ने कहा, "रेमंड ब्रांड की भारतीय वेडिंग मेन्स वियर मार्केट में एक प्रतिष्ठित और मजबूत स्थिति है। यह कहना उचित होगा कि रेमंड सूट के बिना कोई भी शादी पूरी नहीं होती। एथनिक्स ने बाजार में अपनी अलग स्थिति स्थापित कर ली है, इसलिए हम अगले तीन वर्षों में 300 अतिरिक्त एथनिक्स स्टोर के साथ अपनी फिजिकल मौजूदगी को लगभग तीन गुना बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। हमारा मानना है कि हम शादी के सेगमेंट में शानदार वृद्धि हासिल कर सकते हैं, जिससे बाजार में अग्रणी के रूप में हमारी स्थिति काफी मजबूत होगी। प्योर प्ले कंज्यूमर बिजनेस के रूप में एक फोकस्ड कंपनी के तौर पर आरएलएल ब्रांडेड टेक्सटाइल से जुड़ी अपनी मूल पहचान को मजबूत करने, परिधान के विकास में और तेजी लाने और एथनिक वियर, इनर वियर, स्लीप वियर और इंटरनेशनल रिटेल जैसी नई श्रेणियों के निर्माण के तीन-आयामी एप्रोच पर आगे बढ़ रहा है। आरएलएल देश में अपनी वितरण उपस्थिति बढ़ाने पर भी ध्यान दे रहा है और अगले तीन वर्षों में 650 से अधिक एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट (ईबीओ) स्थापित करने की योजना बना रहा है।

रेमंड भारत में 10वां सबसे मजबूत ब्रांड है, और ब्रांड फाइनेंस द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र फैब्रिक और परिधान ब्रांड है। 'द कम्प्लीट मैन' की चिरस्थायी विरासत से प्रेरित होकर रेमंड हमेशा विश्वास, गुणवत्ता और उत्कृष्टता के रास्ते पर ही आगे बढ़ता रहा है। आरएलएल इस विरासत को आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। साथ ही उसी कालातीत भव्यता के साथ पुरुषों के फैशन को आधुनिक बनाने की दिशा में प्रयास करना भी जारी रखेगा।

## अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं और वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी माहेश्वरी गर्ल्स पब्लिक स्कूल विद्याधर नगर में एक्सप्रेशन के अंतर्गत दिनाँक 28 अगस्त से 30 अगस्त, 2024 तक अंतर्विद्यालयी प्रतियोगिताओं तथा वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ हमावमहल विधायक बालमुकुंदाचार्य द्वारा किया गया था। समापन समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि सिविल लाइन विधायक गोपाल शर्मा विधायक, सिविल लाइंस, विशिष्ट अतिथि चेतन स्वरूप भंसाली, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर विजिलेंस, जेवीवीएनएल, जयपुर डिस्कॉम तथा विशेष अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी घनश्याम दास चितलांगिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई थी। इस अवसर पर ई सी एम एस चेयरमैन केदारमल भाला, वाइस चेयरमैन बजरंगलाल बाहेती, विद्यालय मानद् सचिव घनश्याम कचौलिया, प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ तथा समाज के गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय गोपाल शर्मा, विधायक, सिविल लाइंस ने सभागार में उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे ज्ञात है कि यह एक ऐसा विद्यालय है जो केवल जयपुर शहर के ही नहीं बल्कि पूरे राजस्थान के अग्रणी विद्यालयों में से एक है तथा पूर्ण रूप से बालिकाओं के सर्वांगीण विकास को समर्पित है। इस विद्यालय की बालिकाएँ शैक्षणिक तथा सहशैक्षणिक क्षेत्र में सफलता की बुलंदियों को छू रही हैं, इन उपलब्धियों के लिए उन्होंने माहेश्वरी समाज, विद्यालय प्राचार्या महोदया तथा शिक्षक गणों को बधाई दी। तीन दिवसीय इस कार्यक्रम को साहित्य दिवस, विज्ञान दिवस तथा वाणिज्य दिवस के रूप में मनाया गया। विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उल्लास के साथ भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा और योग्यता का प्रदर्शन कर सभी को मंत्र- मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता वशिष्ठ तथा समाज के गणमान्य सदस्यों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया एवं सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए नवोदित प्रतिभाओं के कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्हें ऐसे ही उत्साह से निरंतर प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# राजवी ने क्षेत्र की खुशहाली एवं अच्छी बारिश की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री नरपतसिंह राजवी की जनसुनवायी के तीसरे दिन शुक्रवार को रणजीतसिंह भाटी, अनिल शिशोदिया, राव नरेन्द्रसिंह, सुनील जागेटिया व्यापार महासंघ अध्यक्ष, हर्षवर्धन सिंह रूद, नरेन्द्र पोखरना, वीणा दशोरा, अनन्त समदानी, गोपाल सिंह राजोरा, आदि उपस्थित रहे।

नगर महामंत्री एवं पार्षद छोटूसिंह शेखावत ने बताया कि राजवी ने क्षेत्र की खुशहाली एवं अच्छी बारिश की कामना को लेकर भाजपा पदाधिकारीयों एवं कार्यकर्ताओं के साथ सेठ सांवरिया जी के दर्शन किये। इस दौरान बस्सी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपाल चौबे , भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष एडवोकेट शुभम सुखवाल राशमी,बस्सी मंडल महामंत्री सोहन खटीक, प्रकाश पूरी,भंवर सिंह राठौड़, राजेश लोट ,निलेश नीलमणि दुर्ग,भाजपा सदस्यता मंडल सयोजक जगदीश अग्रवाल भादसोड़ा,बालकिशन चेचानी,, पप्पू जाट, सरपंच कालू जाट, भेरू लाल गाडरी ब्यावर ,, इस दौरान पूर्व मंदिर मण्डल अध्यक्ष कन्हैया दास वैष्णव के निवास पर पहुंच कर कुशलक्षेम पूछी इस दौरान जानकी दास वैष्णव, भेरू लाल सोनी, अर्जुन वैष्णव, पवन तिवारी, कमलेश तेली, राजू वैष्णव ,प्रकाश सेन, आदि मौजूद थे।

# समाज धर्म के मूल तत्वों से विमुख होता जा रहा : डॉ संयमलता

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** हिरणमगरी से 4 में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन के दौरान शुक्रवार को धर्मसभा में संबोधित करते हुए श्रमण संघीय साध्वी डॉ संयमलता ने कहा कि आज हमारा समाज धर्म के मूल तत्वों से विमुख होता जा रहा है। समाज के लोग भौतिक सुख के चक्कर में भागम-भाग की जिंदगी जीने लगे हैं। धर्म-साधना-आराधना, सत्संग, दान, धर्म आदि से दूर होते जा रहे हैं।

सामाजिक सरोकार मिटते जा रहा है। इस कारण हमारे बीच से शांति, प्रेम, भाईचारा समाप्त होते जा रहा है। हम अपने संस्कृति और सभ्यता के बिना पशु समान हैं। इस बात को आज कोई नहीं समझ पाते हैं। समाज में माता-पिता एवं गुरूजनों का सम्मान के बिना हम कुछ भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ने अपने आदर्श माता-पिता, गुरूजनों का सम्मान कर संसार के पूजनीय हुए। उन्होनें कहा कि सत्य जीवन का सार है और अहिंसा महान धर्म है। सत्य, जीवदया, परामर्श एवं सदमार्ग जीवन में जरूरी है। सत्य और अहिंसा से समाज को नई दिशा मिलती है।

सत्य मानव जीवन की अनमोल विभूति है। प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक लक्ष्य होना चाहिए, जैसे एक नदी नाले का लक्ष्य होता है। वे सागर से जाकर मिलती हैं। लक्ष्यहीन व्यक्ति अपने जीवन को यूं ही गंवा देता है। इसलिए अपने जीवन की दिशा तय करो।

साधवी सौरभप्रज्ञा ने कहा कि जहां सब कुछ पहले से ही नियत हो, वहां किसी को उपदेश देने से कोई फायदा नहीं, अंधे को रास्ता बताने का कोई फायदा नहीं, बहरा सुन नहीं सकता, परंतु आज का इंसान सब देख और सुन सकता है फिर भी चल नहीं पाता। संसार की यही स्थिति है। मानव आगे बढ़ने के रास्ते को देखते जानते हुए भी , गुरु के निर्देशों को समझते हुए भी आगे नहीं बढ़ पाता है।

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष ललित लोढ़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार से सुबह साढ़े 8 बजे जैन आगम सूत्र अन्तकृत दशांग सूत्र का मूल व भावार्थ के साथ वाचन पश्चात् स्वाध्याय के विशिष्ट गुणों, सेवा, संयम, साधना, ध्यान, सद्व्यवहार पर प्रवचन होंगे। प्रतिदिन सुबह व सायंकाल प्रतिक्रमण होंगे जो आत्मशुद्धि के लिए नितांत आवश्यक हैं।

# आई स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर में कार्यशाला आयोजित

## विद्यार्थियों को दी स्टार्टअप के लिए मौलिक तैयारी, चुनौतियों तथा सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन व योजनाओं की जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( सुरेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय स्थित लोहिया कॉलेज में संचालित प्रदेश सरकार के आई-स्टार्ट नेस्ट इन्क्यूबेशन सेंटर के माध्यम से शुक्रवार को महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग के ऑफिसर इंचार्ज गुरप्रीत सिंह लबाना ने बताया कि राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसार समय- समय पर विभिन्न स्टार्टअप्स एवं विद्यार्थियों के लिए इस तरह कि कार्यशाला का आयोजन कराया जाता रहा है। कार्यशाला में विद्यार्थियों को स्टार्टअप के लिए इन्क्यूबेशन स्पेस, फण्डरेंजिग, मार्केटिंग रणनीति एवं स्टार्टअप शुरू करने से पहले की मौलिक तैयारी, चुनौतियों तथा सरकार से प्राप्त प्रोत्साहन व उपलब्ध योजनाओं के बारे में जानने का अवसर मिलता है। आई-स्टार्ट के मेंटर मनु विजय ने बताया कि नवाचार एवं सकारात्मक सोच से स्टार्टअप सफलता प्राप्त कर सकते है। आई-स्टार्ट के इंजीनियर अनुराग सोनी ने रोबोट, सेंसर, थ्री- डी प्रिंटर एवं नैनो टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी।

# बछ बारस पर महिलाओं ने गाय व बछड़े की पूजा कर अपने पुत्र के लिये दीर्घायु की कामना की

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** ब्यावर में शुक्रवार को बछ बारस का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर माताओं नें अपने पुत्रों को तिलक लगाकर तलाई फोडने के बाद प्रसाद दिया। आज के दिन पुत्रवान महिलायें अपने पुत्र की मंगल कामना के लिये व्रत रखती हैं और पूजा करती हैं। इस दिन गेहूं से से बने हुये पकवान और चाकू से कटी सब्जी नहीं खाई जाती हैं। आज महिलाओं द्वारों गाय और बछडे को तिलक कर स्नान कराकर उनके माथे पर सिंदुर लगाया गया इसके बाद उन्हें नए लाल कलर के वस्त्र ओढाकर और फूलों की की माला पहनाई गई। गाय और बछडे को मेहंदी लगाकर मोली बांधी गई तथा बाजरी के आटे का गुड वाला लड्डू और भीगा हुआ मुंग, मोठ आदि गाय और बछडों को खिलाया गया। इस दौरान महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# जिला कलक्टर ने रावतभाटा में ली अधिकारियों की बैठक

## अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान कर उन्हें टी.एस.पी. क्षेत्र में शामिल करने सहित आवश्यक निर्देश दिए

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( नि.स. ) ।** जिला कलक्टर आलोक रंजन की अध्यक्षता में शुक्रवार को उपखंड कार्यालय, रावतभाटा में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय योजनाओं, बजट घोषणाओं आदि की समीक्षा की और योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने सहित आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी महेश गागोरिया ने बताया कि बैठक में जिला कलक्टर ने तहसीलदार को अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्रों की पहचान और उन्हें टी.एस.पी. क्षेत्र में शामिल करने का निर्देश दिया गया। मोबाइल नेटवर्क की कमी वाले क्षेत्रों की सूची बनाकर उपखंड अधिकारी को इसकी निगरानी करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका रावतभाटा को सी.एस.आर. के तहत जल शोधन संयंत्र और सुरक्षा उपायों के लिए निर्देशित किया गया, और अमृत 2.0 योजना के तहत जल आपूर्ति के प्रस्ताव की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूरा करने के निर्देश दिए गए। पीएचईडी को ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध जल की आपूर्ति और जल जीवन मिशन के तहत हर घर में पेयजल पहुंचाने का निर्देश दिया गया। बैठक में जिला कलक्टर ने विकास अधिकारी, पंचायत समिति भैंसरोडगढ को नरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़क चौड़ीकरण और पुलिया निर्माण की कार्यवाही के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर रावतभाटा विनोद कुमार मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी महेश गागोरिया, पुलिस विभाग के अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 2 सितम्बर को इशिका के नेतृत्व में कोलकात्ता कांड पर आयोजित होगी आक्रोश रैली

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( विष्णुदत्त धीमान )।** जैन सोशल एजुकेशन एण्ड ह्यूमन डवलपमेंट ट्रस्ट की ट्रस्टी एवं अभिनेत्री इशिका जैन के दिशा निर्देशन में कोलकात्ता रेप कांड एवं महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर सरकार एवं आमजन को सजग करने एवं दोषियों को कडी सजा दिलाने के लिये सैकडों महिलाओं व पुरूषों के साथ एक आक्रोश पद यात्रा आगामी 2 सितम्बर सोमवार को निकाली जायेगी। राजस्थान की मॉडल, उभरती अभिनेत्री और समाजसेवी इशिका जैन ने बताया कि आक्रोश पद यात्रा सिटी डिस्पेन्सरी से आरम्भ होकर उपखण्ड कार्यालय पहुचेगी जहां उपस्थित लोगों के समक्ष महामहिम राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन उपखण्ड अधिकारी को सौंपेगी। उन्होंने इस आक्रोश रैली में शहर की तमाम महिलाओं, पुरूषों व किशोर-किशोरियों को आमन्त्रित किया है ताकि कोलकात्ता में जिस महिला चिकित्सक के साथ घिनौनी हरकत कर मौत के घाट सुला दिया उन लोगों ज्यादा से ज्यादा सजा मिले और ऐसे दरिन्दों को मौत के घाट उतारने की मांग की हैं।

# रसोई गेस सब्सिडी योजना 1 सितम्बर 2024 को होग लागू, जिले के 199680 परिवारों को मिलेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** 1 सितम्बर 2024 से सम्पूर्ण जिले मे रसोई गैस सब्सिडी योजना लागू हो जायेगी। इस योजना के तहत प्रधानमंत्री उज्जवला योजना एवं चयनित बीपीएल परिवार के साथ राजस्थान के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के पात्र परिवारों को 450 रूपये में गैस सिलेण्डर मिलेगा। जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने जानकारी देते हुये बताया कि इन परिवारो को गैस एजेन्सी से निर्धारित राशि पर सिलेण्डर प्राप्त करने पर 450 रूपये से अधिक भुगतान की गई अन्तर राशि परिवार के मुखिया के जन आधार कार्ड से लिंक बैंक खाते में राज्य सरकार द्वारा जमा कराई जायेगी। उन्होने बताया कि माह में एक सिलेण्डर प्राप्त करने पर ही सब्सिडी एनएफएसए के केवाईसी कराने वाले परिवारों को देय होगी।

# खेल सप्ताह के अन्तर्गत हॉकी व बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित, समापन समारोह आज

बढ़ता राजस्थान



**चूरू ( सुरेश शर्मा )।** हॉकी के महान खिलाडी मेजर ध्यानचन्द के जन्म दिवस 'खेल दिवस' के उपलक्ष में आयोजित किए जा रहे 'खेल सप्ताह' अन्तर्गत गुरुवार को जिले के राजगढ़ में हॉकी व बॉक्सिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा ने बताया कि सीनियर हाई सेकेण्डरी स्कूल राजगढ़ खेल मैदान में युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा चलाए जा रहे खेल सप्ताह के दौरान हॉकी जादूगर मैजर ध्यानचन्द के जन्म दिन पर विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि देकर हॉकी मैच को प्रारंभ करवाया। उन्होंने हॉकी मैच में विजेता व उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल व खेल पोशाक प्रदान कर सम्मानित किया। तथा अल्पकालीन हॉकी प्रशिक्षक मोहम्मद इरफान व मोहम्मद फारूक ने निर्णायक भूमिका निभाई। इसी क्रम में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग अकादमी में बॉक्सिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी खेल रामुराम बुन्देला तथा भारोतोलन प्रशिक्षक सीताराम प्रजापत ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को मेडल व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# श्री सौभाग्य मुनि मारासा की पुण्यतिथि पर नवकार महामंत्र का जाप एवं गायों को लापसी का भोग लगाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री सौभाग्य मुनि मारासा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर महिला मंडल द्वारा शुक्रवार को नवकार महामंत्र का जाप करने सहित गायों को लापसी का भोग लगाया गया। चंदन बाला महिला मंडल की महामंत्री सुनीता सांवला ने बताया कि गुरुदेव महामंत्री श्री सौभाग्य मुनि मारासा की चतुर्थ पुण्यतिथि पर महिला मंडल की बहनों द्वारा अंबेश भवन में नवकार महामंत्र का जाप किया तथा गुरु स्तुति की गई ।इसके बाद बहनों द्वारा ब्रह्माणी माता गोशाला में 60 किलो लापसी का गायों को भोग लगाया गया ।जिसमे रोटी पर लापसी रखकर गायों को खिलाया गया ।उक्त कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी बहनों द्वारा तन मन धन से पूरा सहयोग किया गया। इस अवसर पर चंदन बाला महिला मण्डल अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड,कोषाध्यक्ष अंगूरबाला सिरोया, उपाध्यक्ष कुसुम ढिलीवाल,मेवाड़ महिला मंडल की शिक्षा मंत्री सरोज दुग्गड,सांस्कृतिक मंत्री आशा कोठारी,प्रचार प्रसार मंत्री जागृति लोढ़ा,महिला मंडल की सदस्य उपस्थित रही। इस मौके पर अध्यक्ष प्रियंका दुग्गड ने आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित करते सहयोग की अपील की गयी।

# बैंकर्स समिति की उपखण्ड स्तरीय बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( नि.स. )।** झालावाड़ जिले के गंगधार उपखण्ड कार्यालय में शुक्रवार को बैंकर्स समिति की उपखण्ड स्तरीय बैठक आयोजित की गई ।एसडीएम दिनेश मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ओबीसी, एससी, एसटी के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित बैंक लोन सम्बंधित स्किमो व टारगेट की समीक्षा की गई। बैठक में लीड बैंक मैनेजर ओमकार बनकर झालावाड़ सहित उपखण्ड गंगधार क्षेत्र के बैंकों के मैनेजर व प्रतिनिधि उपस्थित थे ।बैठक में लोगो तक अधिक लाभ पंहुचाने पर चर्चा की गई।


**कार्यालय नगर परिषद टोंक**

क्रमांक :- न.प.टोंक/निर्माण/2024-25/6438 दिनांक :- 29/08/2024

**निविदा सूचना - 08/2024-25 (NIB No. DLB2425A2117)**

नगर परिषद टोंक क्षेत्र में होने वाले विभिन्न निर्माण/विकास कार्यो हेतु इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 04.09.2024 दोपहर 1.00 बजे तक विक्रय की जावेगी। अन्य विवरण व शर्ते www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

UBN No. - DLB2425WSOB06856

राज.संवाद/सी/24/4462 सभापति, नगर परिषद टोंक आयुक्त, नगर परिषद टोंक


# टेबल टेनिस खेलो इंडिया सेंटर, चूरू के सेजान खान व जीशान खान ने किया नाम रोशन

बढ़ता राजस्थान



**चूरू( नि.स. )।** जिला स्टेडियम, चूरू में संचालित टेबल टेनिस खेलो इंडिया सेन्टर के सेजान खान व जीशान खान ने हैदराबाद में 27 से 31 अगस्त, 2024 तक आयोजित 53 वीं केन्द्रीय विद्यालय स्कूल नेशनल प्रतियोगिता में अण्डर 14 के बालक वर्ग के सेमी फाईनल में चैन्नई को 02-01 से हराकर दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी प्रकाश राम गोदारा, साई के वरिष्ठ टेबल टेनिस प्रशिक्षक रमेश पूनिया, खेलो इंडिया सेन्टर के प्रशिक्षक राहुल पीपलवा, टेबल टेनिस पार्ट टाइम प्रशिक्षक राजेश वर्मा, जिला टीटी संघ के नजीर खान, समीर खान, सुरेन्द्र प्रजापत, हितेश जैन, नगेन्द्र राठौड़ आदि ने प्रतिभाओं को बधाई देकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।


**Gram Panchayat Rajpura**
**Panchayat samiti piprali (Sikar)**

NO.: Eproc./2024-25/45 Date:23.08.2024

**NOTICE INVITING BID**

Bids Ambedkar building Construction work Gram Panchayat Rajpura Are Invited From Interested Bidders up to 02.09.2024 time 6:00 PM Other Particulars Of The Bid May Be Visited On The Procurement Portals (http://sppp.raj.nic.in)or (http://eproc.rajasthan.gov.in) of the states.

UBN: PIV2425WSOB00066

Sarpanch
Gram Panchayat Rajpura

Village Development Officer
Gram Panchayat Rajpura

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-तृतीय, बीसलपुर परियोजना, देवली**

**ई- निविदा सूचना संख्या 05 वर्ष 2024-25 कार्यो की विवरण सूची**

1. कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता निर्माण खण्ड - तृतीय, बीसल. परि., देवली
2. निविदा की कुल लागत राशि रू. 11.76 लाख (02 कार्य)
3. निविदा का कार्य देवली कर्मचारी आवासीय कॉलोनी एवं देवली रेस्टहाऊस के सुधार से सम्बन्धित है।
4. निविदा की अवधि

| | | |
|---|---|---|
| | Period for down loading tender documents | From 23.08.2024 to 29.08.2024 |
| | Period for uploading tender documents | upto 29.08.2024 6PM |
| | Date and time for opening of Technical bid | 30.08.2024 10.00 AM |
| | Date of opening of Financial Bid | To be intimated Later on. |

नोट : निविदा की विस्तृत विवरण वेबसाइट www.dipronling.org.in, www.waterresources.rajasthan.gov.in एवं निम्न हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती हैं।

| कार्य संख्या | UBN NO. |
|---|---|
| 1. | WRD202425WSOB 00544 |
| 2. | WRD202425WSOB 00545 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड - तृतीय बीसल. परि. देवली ।**

## सम्पादकीय

### कोलकाता की घटना पर जनता का गुस्सा जायज, राजनीतिक नफा-नुकसान से जुड़ा है नेताओं का विरोध

सर्वोच्च न्यायालय की दखल के बाद कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या मामले को लेकर उभरा लोगों का रोष कुछ कम हो जाएगा, मगर वह और बढ़ता जा रहा है। अदालत ने घटना के विरोध में आंदोलन कर रहे चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील की थी। मामले पर कार्रवाई में बरती गई शिथिलता और लापरवाहियों को लेकर पुलिस और चिकित्सालय प्रशासन को फटकार लगाई थी। मगर उससे लोगों का गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा। मंगलवार को पश्चिम बंग छात्र समाज ने 'नवान्न' अभियान शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि यह छात्रों का गैरराजनीतिक मंच है और इसकी तीन प्रमुख मांगें हैं– पीड़िता को न्याय मिले, मुख्यमंत्री अपने पद से इस्तीफा दें और अपराधी को मृत्युदंड मिले। अब छात्रों के विरोध में कुछ सरकारी कर्मचारी संगठनों ने भी अपना स्वर मिला दिया है। उधर भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को बारह घंटे के बंगाल बंद का आह्वान किया था, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच कई जगह झड़पें भी हुईं। ऐसे वातावरण में राष्ट्रपति ने भी अपने संबोधन में कहा कि अब समय आ गया है कि बेटियों पर अत्याचार को सहन न किया जाए। किसी भी हाल में महिलाओं का उत्पीड़न रुकना चाहिए।

स्वाभाविक ही इस विरोध प्रदर्शन से ममता बनर्जी सरकार की मुश्किलें बढ़ गई हैं। हालांकि इस मामले पर सियासी बयानबाजियां भी तेज हो गई हैं। ममता बनर्जी इन विरोध प्रदर्शनों के पीछे भाजपा का हाथ बता रही हैं और उनका आरोप है कि केंद्र सरकार, पश्चिम बंगाल सरकार को अस्थिर करने की कोशिश कर रही है। विपक्षी गठबंधन के नेता भी इसमें सियासी रंग घोल रहे हैं। इस तरह कोलकाता बलात्कार और हत्या प्रकरण में अब असल मुद्दे पर कार्रवाई से अधिक राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। हालांकि इस घटना को बीस दिन हो गए और शुरू में ही ममता बनर्जी ने इस पर सख्त रुख अख्तियार कर लिया था। आरोपी को फौरन गिरफ्तार कर लिया गया, लापरवाही बरतने वाले अस्पताल प्रशासन के खिलाफ भी कार्रवाई कर दी गई। मामले की जांच का जिम्मा सीबीआइ को सौंप दिया गया। सर्वोच्च न्यायालय लगातार इस मामले पर नजर बनाए हुए है। आरोपी के सच से सामना कराने से कुछ तथ्य सामने आने की उम्मीद बनी हुई है। मगर लोगों की नाराजगी कम होने का नाम नहीं ले रही, तो इसकी कुछ वजहें साफ हैं। अभी तक अनेक आपराधिक मामलों में ममता बनर्जी सरकार का रवैया संतोषजनक नहीं देखा गया है। कोलकाता चिकित्सक बलात्कार और हत्या कांड को लेकर पूरे देश में आक्रोश प्रकट हुआ है, तो उसके पीछे भी बड़ी वजह महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बरती जा रही शिथिलता है। राष्ट्रपति के बयान को गंभीरता से लेने की जरूरत है कि निर्भया कांड के बारह बरस बाद भी ऐसे जघन्य अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे। मगर जब तक सरकारें राजनीतिक नफे–नुकसान से ऊपर उठ कर इस दिशा में सामूहिक प्रयास से कोई व्यावहारिक और कारगर कदम नहीं उठाएंगी, तब तक ऐसी घटनाओं पर रोक लगाना मुश्किल बना रहेगा।

# डंकी रूट से जुड़े संकट एवं दर्द को कौन सुनेगा?

**भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं।**

ललित गर्ग



डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। डंकी रूट का मतलब ऐसे रास्ते हैं जो अवैध रूप से लोगों को एक देश से दूसरे देश ले जाता है। पंजाब में डंकी रूट एक दशक से भी ज्यादा समय से एक खुला रहस्य रहा है। यह शब्द पंजाबी शब्द 'डुंकी' से आया है, जिसका अर्थ है एक जगह से दूसरी जगह कूदना। एक दशक से जारी इस गोरखधंधा–डंकी प्रेक्टिस का तब पर्दाफाश हुआ एवं यह अंतरराष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब इसके अन्तर्गत दिसंबर 2023 में फ्रांस ने मानव तस्करी के संदेह में दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 भारतीय यात्रियों वाले एक चार्टर विमान को रोक दिया था। इनमें से अधिकांश को वापस भारत भेज दिया गया था। हाल ही में पंजाब में समाना के चार युवाओं की दर्दनाक कहानी उजागर हुई है, जिन्हें एजेंटों ने मोटी रकम वसूलकर जानलेवा हालातों में धकेल दिया। उनसे दो चरणों में करीब ढाई करोड़ रुपये वसूले गये और घातक परिस्थितियों में धकेल दिया गया। कई दिन जंगलों में उन्हें भूखा रहना पड़ा। फोन व जूते छीन लेने से उन्हें नंगे पैरों पैदल चलना पड़ा। डंकी रूट में लिप्त एजेंट अपराधी है, युवा–सपनों को चूर–चूर करने वाले धोखेबाज है। यह दर्द एवं विडम्बना केवल पंजाब की नहीं है, बल्कि गुजरात एवं देश के अन्य भागों के युवाओं की भी है। रोजगार के साथ–साथ शिक्षा सबसे बड़ी वजह है डंकी रूट की। कुछ देशों में तकनीकी तथा अन्य प्रोफेशनल शिक्षा पर भारत के मुकाबले कम खर्च होते हैं इसलिए भी छात्र विदेश जाना पसंद करते हैं। जिन्हें कम समय में अच्छी कमाई करके अच्छी लाइफ स्टाइल में जीने की ख्वाहिश होती है या फिर जो भारत में किसी क्राइम में शामिल होते हैं वे भी गैरकानूनी तरीका अख्तियार करते हैं।

डंकी रूट के ज़रिए लोग अमेरिका, कनाडा, यूनाइटेड किंगडम, और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में अवैध तरीके से प्रवेश करते हैं। इस रास्ते में कई जानलेवा खतरों का सामना करना पड़ता है। कई बार, अवैध तरीके से एंट्री करने के दौरान लोगों की मौत भी हो जाती है। साल 2022 में, अमेरिका–कनाडा बॉर्डर से 10 मीटर की दूरी पर एक गुजराती परिवार की लाश मिली थी, यह परिवार बर्फ़ीले तूफ़ान की चपेट में आ गया था। इसी साल अप्रैल में, एक और गुजराती परिवार की मौत हो गई थी। अमेरिका में एंट्री से पहले ही सेंट लॉरेंस नदी में उनकी बोट डूब गई थी। इस घटना में पति–पत्नी और उनके दो बच्चे मारे गए थे। युवाओं का धोखेबाज एजेंटों के जाल में फंसना हमारे शासन तंत्र की नाकामी ही है। यदि ऐसे एजेंट समय रहते कानून व्यवस्था के शिकंजे में फंस गये होते तो युवा ठगी के शिकार न बनते। आखिर हम अपने युवाओं को देश में सम्मानजनक रोजगार क्यों नहीं दे पा रहे हैं? भारत सरकार अन्य देशों के साथ मिलकर युवाओं को धोखे से विदेश भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं कर रहा है? निस्संदेह, विभिन्न राष्ट्रों के सहयोग से दलाली–ठगी करने वाले इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय गिरोहों का खातमा करना अपेक्षित है। एशिया, यूरोप व मध्य अमेरिका तक दलालों के जाल बिछे हैं।

शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' में इस समस्या को उभारा गया है। इस फिल्म में अवैध तरीके से विदेश जाने के तरीके को एवं उसमें होने वाली परेशानियों को दिखाया गया है। मूवी दिखाती है कि सात समंदर पार जाने का सपना लिए लोग कैसे–कैसे अवैध तरीके अपनाते हैं, कितनी दुश्वारियां और कितना पैसा खर्च कर देते हैं। 'डंकी रूट' एक विकराल होती समस्या है। भारत में बढ़ती बेरोजगारी जहां इस समस्या का बड़ा कारण है, वहीं किस तरह युवा भी धैर्य व कठिन परिश्रम के बजाय रातोंरात अमीर बनने के सपने सजोते हुए इन संकटों को आमंत्रित करते हैं। आखिर क्या वजह है कि मां–बाप जमीन बेचकर व अपने गहने–मकान गिरवी रखकर बच्चों को विदेश भेजने को आतुर हैं? आखिर सुनहरे सपनों की चकाचौंध में हमारे युवा दलालों के हाथों के खिलौने क्यों बन रहे हैं? अमेरिका एवं अन्य देशों में जाने के सम्मोहन में अपने जीवन को इस तरह जोखिम में डालना युवा क्यों उचित मानते हैं? पिछले दिनों दलालों ने देश के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर युद्धरत रूस की फौज में भी भर्ती करवा दिया। कई युवाओं के युद्ध में मरने की खबरें भी आई। दरअसल, युवाओं की इस बदहाली की वजह भ्रष्ट व बेईमान ट्रैवल एजेंट तो हैं ही, हमारी सरकारें भी इसके लिये कम जिम्मेदार नहीं है।

हाल ही में डंकी यात्रा पूरी करने वाले लोगों के परिवारों ने बताया कि मानव तस्कर अक्सर नई दिल्ली और मुंबई से प्रवासियों को पर्यटक वीजा पर संयुक्त अरब अमीरात ले जाते हैं। फिर वे वेनेजुएला, निकारागुआ और ग्वाटेमाला जैसे लैटिन अमेरिका के एक दर्जन से ज्यादा ट्रांजिट बिंदुओं से गुजरते हुए अमेरिका–मेक्सिको सीमा तक पहुंचते हैं। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, बीते पांच साल में दो लाख से ज्यादा भारतीय अवैध तरीके से अमेरिका में घुसते हुए पकड़े गए हैं। ऐसे मामले उजागर होने के तुरंत बाद कुछ गिरफ्तारियां इस बड़े संकट का समाधान नहीं है। इन आपराधिक कृत्यों में लिप्त एजेंट कुछ समय के लिये चुप बैठकर फिर से अपने नापाक खेल में सक्रिय हो जाते हैं। वैसे वे युवा भी कम दोषी नहीं हैं जो वास्तविक स्थिति को जाने बिना शॉर्टकट रास्ते के लिये दलालों को पैसे देने को तैयार हो जाते हैं। दरअसल, विदेश जाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आधिकारिक चैनल को दरकिनार करने के खतरों के बारे में भी बताना चाहिए। इसके लिये उन्हें सचेत करने के मकसद से जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न–स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि उत्तर प्रदेश में 60 हजार कांस्टेबल की भर्ती के लिये 48 लाख से भी अधिक युवा–प्रार्थियों ने आवेदन किया है। थक–हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों एवं परेशानियों की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। एक शख्स के अनुसार उसका भतीजा कैलिफोर्निया में एक डेयरी फार्म में प्रतिदिन लगभग 100 डॉलर कमाता है, जबकि यहां भारत में वह वही काम करके एक महीने में 6,000 रुपये कमाता था। रिश्तेदारों के मुताबिक, इस धन से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
नई परियोजना की शुरुआत के लिए आज दिन शुभ है। सरकार की ओर से लाभ मिलने संभावना है। छोटे प्रवास का आयोजन हो सकता है। दोस्तों, करीबियों या पड़ोसियों के साथ पुरानी अनबन की घटना में सकारात्मक परिणाम आएगा।

### वृष
आज आप में आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। किसी भी काम को करने के लिए जल्दबाजी से नुकसान हो सकता है। पिता और बड़ों से लाभ होगा। सामाजिक रूप से मान–सम्मान में वृद्धि होगी। वाणी और व्यवहार उग्रता न हो, इसका ध्यान रखें।

### मिथुन
आर्थिक दृष्टिकोण से सावधानी बरतने का समय है। आज नकारात्मक मानसिकता के साथ व्यवहार न करें। शारीरिक और मानसिक रूप से आप अस्वस्थ रहेंगे। मन में दुख और असंतोष की भावना हो सकती है।

### कर्क
आज आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ काम कर सकेंगे। इस काम का फल भी आपको अपेक्षानुसार मिलेगा। सरकारी क्षेत्र में लाभ होगा तथा आर्थिक व्यवहार करने में सफलता प्राप्त होगी। मायके से लाभदायी समाचार प्राप्त होंगे।

### सिंह
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायी होगा। विविध क्षेत्रों में मिलने वाले लाभ से आपकी प्रसन्नता में वृद्धि होगी। मित्रों के पीछे खर्च भी होगा और उनसे लाभ भी प्राप्त होगा। किसी प्रवास या पर्यटन स्थल पर जाने से दिन रोमांचक बन जाएगा।

### कन्या
आज आपको अपने उग्र स्वभाव पर संयम रखने की जरूरत है। शारीरिक और मानसिक रूप से शिथिलता का अनुभव होगा। अधिक परिश्रम के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिलेगी। संतान के विषय में आपको चिंता हो सकती है। आंखों में पीड़ा होने की संभावना है।

### तुला
मित्रों और स्वजनों के साथ वैचारिक स्तर पर मनमुटाव हो सकता है। स्वभाव में उग्रता और क्रोध की भावना रहेगी। धार्मिक काम में धन का खर्च होगा। धन का आकस्मिक व्यय हो सकता है। विवाद या झगड़े से हर संभव दूर रहें।

### वृश्चिक
विवाहोत्सुक लोगों को जीवन साथी प्राप्त होने के योग हैं। रुचिकर भोजन प्राप्त होगा। आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी होगा। व्यावसायिक स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। काम में सफलता प्राप्त करने में आसानी होगी।

### धनु
पारिवारिक वातावरण अनुकूल नहीं रहेगा। परिजनों के साथ गलतफहमी न हो इसका ध्यान रखें। अभ्यास में अभिरुचि होते हुए भी विद्यार्थियों को अपेक्षित परिणाम नहीं प्राप्त होगा। अनैतिक प्रवृत्तियों से दूर रहें। धन का अधिक खर्च होगा।

### मकर
नौकरी में पदोन्नति होगी। गृहस्थ जीवन में भी आनंद का वातावरण छाया रहेगा। व्यापार के उद्देश्य से कहीं बाहर भी जाना हो सकता है। आज स्वास्थ्य कुछ नरम–गरम रहने की संभावना है। शारीरिक रूप से आलस्य की भावना रहेगी।

### कुंभ
काम की भागदौड़ के कारण परिजनों के प्रति ध्यान नहीं दे पाएंगे। हानिकर विचार, वर्तन और आयोजन से दूर रहें। पेट से संबंधित परेशानी हो सकती है। कहीं जाने का कार्यक्रम आज हो सकें, तो टाल दें। सरकारी कार्यों में सफलता प्राप्त होगी।

### मीन
क्रोध की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आज आपके अहम को कोई चोट न पहुंचे और आपका किसी से झगड़ा न हो, इसका ध्यान रखें। शारीरिक रूप से शिथिलता और मानसिक रूप से चिंता बनी रहेगी। मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी।

## शख्सियत

**सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं,बीते हुए कल के दौर को भूल जाना ही व्यक्ति को आने वाले कल के लिए रोशनी पैदा करता है। इस जीवन पथ पर सभी को चलना होता है कोई थक के हार जाता है कोई हार के भी जीत जाता है...........**

नमस्कार दोस्तों हमारे आज शख्सियत कॉलम के स्टार हैं भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विकास शर्मा जी। विकास सर बहुत ही शानदार व्यक्तित्व के धनी अधिकारी हैं ये जिस भी जिले में रहे पुलिस कर्मियों के लिए मिसाल कायम की। पुलिस की भावनाओं को समझना। उनकी मूल समस्याओं को जानना और संसाधन ना होते हुए भी उनके निराकरण की ओर ध्यान देना इनकी परवरिश का एक हिस्सा है। जिले की पुलिस इनका सम्मान ही नहीं बल्कि इनका आदर करती है। कई जिलों में बहुत बेहतरीन एसपी शिप कर आमजन में विश्वास व अपराधियों में भय का कार्य किया। इनका जन्म 16 अगस्त सन 1985 को हरियाणा के जींद में हुआ। बीटेक (जैव प्रौद्योगिकी) की पढ़ाई कर सिविल सेवा में आए ओर प्रशिक्षणाधीन इन्होनें सहायक पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण पाली पद को सुशोभित किया इसके अलावा सहायक पुलिस अधीक्षक, जोधपुर शहर लगे। एसपी शिप जैसलमेर से शुरू की उसके बाद उप पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं यातायात पुलिस आयुक्तालय) जोधपुर। पुलिस अधीक्षक, जालोर। पुलिस अधीक्षक, चूरू। पुलिस उपायुक्त, जयपुर शहर (उत्तर) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) पुलिस आयुक्तालय, जयपुर। पुलिस अधीक्षक, सीआईडी क्राईम ब्रांच जयपुर। पुलिस अधीक्षक, भीलवाड़ा। पुलिस अधीक्षक, अजमेर। पुलिस अधीक्षक, उदयपुर। पुलिस अधीक्षक, भिवाड़ी, अलवर। पुलिस अधीक्षक,



विकास शर्मा
( वरिष्ठ आइपीएस अधिकारी )

श्रीगंगानगर रहे और आज उप पुलिस महानिरीक्षक एसएसबी जयपुर पद को सुशोभित कर रहे हैं।

इन्होनें अपनी अतिरिक्त सेवाए भी पुलिस उपायुक्त (पूर्व) पुलिस आयुक्तालय, जोधपुर। व अतिरिक्त अधीक्षक पुलिस पाली भी दी। बेहतरीन अधिकारी के रूप में इन्हें गिना जाता है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**जय हिन्द**

## आज का इतिहास

### 31 अगस्त की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- अमेरिका में 1881 को पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।
- अमेरिकन कम्युनिस्ट पार्टी का गठन 1919 में हुआ
- अमेरिकी शहर डेट्रायट में 1920 को रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।
- भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 1956 में राज्य पुनर्गठन विधेयक को मंजूरी दी।
- मलेशिया ने 1957 में ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त कर ली
- अमेरिकी बेसबॉल खिलाड़ी सैंडी कुफैक्स ने 1959 में एक नेशनल लीग रिकॉर्ड बनाया।
- कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से 1962 को स्वतंत्र हुए।
- कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से 1964 में अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।
- भारत में टू–स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी–एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण 1968 में किया गया।
- भारत के उपग्रह इनसेट–1 बी को 1983 में अमेरिका के अंतरिक्ष शटल चैलेंजर से प्रसारित किया गया।
- पूर्वी और पश्चिमी जर्मनी ने 1990 में राजनीतिक और कानूनी व्यवस्था के तालमेल के लिए एक संधि पर हस्ताक्षर किए।
- उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान ने 1991 में सोवियत संघ से अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- रूस ने 1993 में लिथुआनिया से अपने आखिरी सैनिकों को वापस बुलाया।
- आयरिश रिपब्लिकन आर्मी ने 1994में लंबे संघर्ष के बाद युद्ध विराम की घोषणा की।
- पहली बार एमनेस्टी इंटरनेशनल ने 1995 को चीन में मानवाधिकार पर आपत्ति दर्ज किया।
- ब्रिटेन की लेबर पार्टी ने भी भारत की तर्ज पर सी.टी.बी.टी. के उस प्रावधान का 1996 में विरोध किया, जिसमें निरस्त्रीकरण सम्मेलन के सदस्य देशों को संधि पर हस्ताक्षर करना आवश्यक है।
- इराक के पूर्व तानाशाह सद्दाम की सेना ने 31 अगस्त 1996 में इराक़ के स्वायत्तता प्राप्त इलाक़े कुर्दिस्तान की राजधानी अरबिल पर चढ़ाई कर दी।
- ब्रिटेन की राजकुमारी और राजकुमार चार्ल्स की पूर्व पत्नी डायना की पेरिस में 1997 को कार दुर्घटना में मृत्यु।
- राष्ट्रपति येल्तसिन द्वारा नियुक्त प्रधानमंत्री विक्टर चेर्नोमीर्दिन की नियुक्ति को 1998 में रूसी संसद निम्न सदन ड्यूमा ने अस्वीकृत किया।
- उत्तरी कोरिया ने 1998 में जापान पर बैलिस्टिक मिसाइल दागा।
- पूर्वी तिमोर की स्वतंत्रता के लिए शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न जनमत संग्रह पर 1999 में संयुक्त राष्ट्र और पश्चिमी देशों ने संतोष जताया।
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ़ ने 2002 में अपना नामांकन पत्र वापस लिया।
- इतालवी जनरल गिदो पामेरी को 2004 में भारत और
- पाकिस्तान में संयुक्त राष्ट्र पर्यवेक्षक समूह का एक साल के लिए प्रधान सैन्य पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया।
- ईराक की राजधानी बगदाद में 2005 को धार्मिक अवसर पर फिदायीन हमले के भय से मची भगदड़ में 816 लोग मारे गये।
- ब्रिटेन में 2007 को प्रिंस डायना की 10वीं वर्षगांठ मनायी गयी।

विशेष आलेख

# अब असंगठित क्षेत्र के मुलाजिमों को भी मिले पेंशन और सामाजिक सुरक्षा

आर.के. सिन्हा

सरकार ने हाल ही में एकीकृत पेंशन योजना यानी यूनीफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को लागू करने की अंततः घोषणा कर ही दी। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो देश भर में सेवानिवृत्त सरकारी कर्मियों के हितों की रक्षा करती है। नई पेंशन योजना 1 अप्रैल 2025 से लागू होगी। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद निश्चित पेंशन मिलेगी। इसकी रकम सेवानिवृत्ति से पहले के 12 महीने के औसत मूल वेतन का 50 फीसदी होगी। 25 वर्ष तक की सेवा पर ही यह रकम मिल सकेगी। 25 वर्ष से कम और 10 साल से ज्यादा की सेवा पर उसके अनुपात में भी पेंशन मिलेगी। किसी भी कर्मचारी के निधन से पहले पेंशन की कुल रकम का 60 फीसदी हिस्सा परिवार को मिलेगा।

दरअसल नई पेंशन योजना के लागू होने से सरकारी बाबुओं को बहुत बड़ी दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता मिलेगी। केंद्र सरकार के कर्मचारियों की नई पेंशन योजना (एनपीएस) में सुधार की लंबे समय से मांग की जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अप्रैल 2023 में टीवी सोमनाथन के नेतृत्व में इस पर एक समिति का गठन भी किया था। जेसीएम (संयुक्त सलाहकार तंत्र) सहित व्यापक परामर्श और चर्चा के बाद समिति ने एकीकृत पेंशन योजना की सिफारिश की थी।

भारत में, वृद्धावस्था में वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पेंशन सबसे महत्वपूर्ण साधन है। यह न केवल कर्मचारियों को काम करने के बाद जीवन स्तर बनाए रखने में मदद करता है, बल्कि ; सेवा निवृत्त कर्मचारियों को बाकी जीवन परिवार और समाज में , यहाँ तक कि अपने बच्चों की नज़र सम्मानपूर्वक बिताने का ज़रिया देता है ।जब कर्मचारी सेवानिवृत्त होते हैं, तो उनके आमदनी का स्रोत अचानक खत्म हो जाता है। पेंशन, भले ही सेवा के दौरान प्राप्त होने वाली आय से आधी हो , एक नियमित आय तो प्रदान करता ही है, जो उन्हें आवश्यक खर्च जैसे भोजन, स्वास्थ्य सेवा, और आवास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराता है। इससे वित्तीय अनिश्चितता के खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने 2004 में राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) शुरू की थी। उसमें कर्मचारियों और सरकार दोनों ने कर्मचारी के मूल वेतन और महंगाई भत्ते (डीए) का 10% योगदान सेवानिवृत्ति निधि में दान किया। इस फंड को बाजार–जुड़े साधनों के मिश्रण में निवेश किया गया था, और रिटर्न में प्राप्त आय से पेंशन राशि का निर्धारण किया। हालाँकि , इस प्रणाली ने बहुत आवश्यक वित्तीय अनुशासन भी लाया और सरकार की बिना फंड वाली पेंशन देनदारियों को कम किया। लेकिन , उसने सेवानिवृत्त लोगों के लिए अनिश्चितता भी पैदा की, क्योंकि पेंशन बाजार के प्रदर्शन पर निर्भर थी। उदाहरण के लिए, बाजार में गिरावट के दौरान, सेवानिवृत्त लोगों ने कम रिटर्न देखा, जिससे उनकी वित्तीय सुरक्षा के बारे में चिंताएं बढ़ीं। एक बात जान लें कि नई पेंशन का राज्य सरकार के कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा यदि कोई राज्य सरकार इसे लागू करना चाहती हैं तो।

कांग्रेस का एनपीएस पर रुख सदैव अस्पष्ट रहा और लगातार बदलता भी रहा। शुरू में, कांग्रेस ने एनपीएस की सराहना की। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने इसे एक बेहतर पेंशन मॉडल बताया। हालांकि, बाद में कांग्रेस ने इसकी कमियां निकालनी शुरू कर दीं , मात्र अपने सियासी स्वार्थों के कारण। पुरानी पेंशन योजना को खत्म करने के लिए केंद्र की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार को आलोचना का सामना करना पड़ा था। केंद्र से लेकर राज्यों के भी सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम को वापस लाने की मांग करते ही रहे थे। राजस्थान में जब कांग्रेस की सरकार थी तो



उन्होंने पुरानी पेंशन को लागू किया था, जोकि आज तक लागू है। हिमाचल प्रदेश में भी पुरानी पेंशन योजना को लागू किया जा चुका है। अब एकीकृत पेंशन योजना पर मोहर लग गई है। एकीकृत पेंशन योजना की सबसे बड़ी खूबी यही है कि इसमें पुरानी पेंशन योजना यानी ओपीएस और राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) की खासियतों को शामिल किया गया है। ओपीएस की तरह यूपीएस में भी निश्चित पेंशन सुनिश्चित की जा रही है और यही मांग कर्मचारियों की लगातार रही है। यूपीएस प्रति माह 10 हजार रुपए की न्यूनतम पेंशन गारंटी पेश देती है। यूपीएस से लाखों सरकारी कर्मियों को रिटायरमेंट के बाद आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। वर्ना जिन लोगों को किसी तरह की पेंशन रिटायरमेंट के बाद नहीं मिलती है, उन्हें बहुत कष्ट और जलीलत की ज़िंदगी झेलना पड़ता है। देश के निजी क्षेत्र से जुड़े लाखों–करोड़ों लोगों को हर माह बड़ी मुश्किल से दो–ढाई हजार रुपए ही पेंशन मिलती है। अब आप सोच सकते हैं कि इतनी कम राशि से तो कोई इंसान अपने महीने का चाय–पानी का खर्च भी नहीं निकाल सकता है। मेरे बहुत सारे पत्रकार मित्रों को रिटायर होने के बाद मात्र दो–तीन हजार रुपए मिलते हैं पेंशन के रूप में। यही हाल अन्य विभागों से जुड़े रिटायर कर्मियों का भी है।नई पेंशन योजना प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एक अहम फैसला मानी जाएगी। इसका लक्ष्य सरकारी कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा देना है। इस तरह की नीति कोई दूरदर्शी नेतृत्व ही ला सकता है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# भरत मिलाप के प्रसंग पर झलकी अश्रुओं की धारा

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( नि.स. )।** मालपुरा के महेश सेवा सदन में श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति एवं भारत विकास परिषद मालपुरा के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे श्री रामकथा के दौरान व्यासपीठ से संत श्री शम्भूशरण जी लाटा ने भरत मिलाप का प्रसंग सुनाया तो मोजुद श्रोताओ की आंखो से अश्रुओं की धारा बह निकली। शुक्रवार को कथा के दौरान दशरथ शोक, भरत मंथरा विवाद, भरत कैकयी विवाद, भरत अयोध्या छोड़ भगवान श्री राम को वन में जाना व वन में भरत मिलाप जैसे मार्मिक प्रसंगो पर कथा सुनाई। संत श्री लाटा ने बताया कि भरत जी ने वन पहुंच कर भगवान श्री राम से वापस अयोध्या चलकर राज सिंहासन संभालने का अनुनय विनय किया। लेकिन भगवान राम ने भरत को अपने पिता के वचन को याद दिलाते हुए कहा कि हमारे वंश की परम्परा है कि प्राण जाए पर वचन न जाए। उन्होंने पिता दशरथ जी को चौदह वर्ष तक वन में रहने का वचन देकर आए हैं तो वे इस अवधि के दौरान वन में ही रहकर अपना वचन पूरा करेगें। इस पर भरत जी ने भगवान राम से अनुरोध करते हुए कहा कि चोदह वर्ष तक वे राज सिंहासन पर नहीं बैठेगें इसलिए आपकी कोई निशानी दे दीजिए जिसे राज सिंहासन पर रख कर राज काज किया जा सके। जिस पर भगवान राम ने भैया भरत को अपनी चरण पादुका देकर वापस अयोध्या जाकर अपना धर्म निभाने की बात की। भरत जी ने भी चरणपादुका को अपने सिर पर धारण कर अयोध्या को ओर प्रस्थान कर दिए। लेकिन भरत जी का राम से मिलना और चरण पादुका लेकर अयोध्या जाने वाले मार्मिक प्रसंगो को सुनकर मौजुद श्रोताओं की आंखो से अश्रुओं की धारा बह निकली। प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि शुक्रवार की कथा में आरती का लाभ ओमप्रकाश जेन बावड़ी वालो के परिवार ने प्राप्त किया। श्री राम कथा महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी, परिषद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा तथा व्चवस्थापक रामबाबू परतानी ने भी सपरिवार के आरती का लाभ प्राप्त किया। आयोजनकर्ताओं की ओर से सभी सहयोगकर्ताओं का अभिनन्दन व स्वागत सम्मान किया।

# आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

## जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने निरंतर मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, ( का.स. )।** भारत सरकार के नीति आयोग द्वारा टोंक जिले में आशान्वित ब्लॉक के तहत पीपलू ब्लॉक का चयन किया गया है। इसी के तहत संपूर्णता अभियान एवं आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की प्रगति को लेकर शुक्रवार को जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक ली।

जिला कलेक्टर ने संपूर्णता अभियान की स्वास्थ्य, पोषण, कृषि सामाजिक विकास में दिए गए 6 इंटिकेटर के आधार पर प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ एवं बीसीएमओ को गर्भवती महिलाओं के प्रसव पूर्व देखभाल (एएनसी) के शत-प्रतिशत रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित हो। आशा सहयोगिनी ग्राम में रहने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला की सूचना 48 घंटे में एएनएम को दें। उपखंड क्षेत्र में हाइपरटेंशन और शुगर की स्क्रीनिंग में कम प्रगति पर इसे आगामी एक माह में कैंप लगाकर बढ़ाने के निर्देश दिए।

महिला एवं बाल विकास विभाग के पोषाहार उपलब्धता एवं वितरण में संतोषजनक जवाब नहीं देने पर सीडीपीओ पीपलू को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए एसडीओ पीपलू कपिल शर्मा को कहा। कृषि विभाग को मृदा परीक्षण एवं सॉयल हेल्थ कार्ड किसानों को वितरित किए जाने पर जोर दिया। सामाजिक विकास के लिए राजीविका की महिलाओं को अधिकाधिक संख्या में जोड़े जाने की मॉनिटरिंग करने के लिए जिला परिषद की सीईओ प्रतिष्ठा पिलानिया को निर्देशित किया।

जिला कलेक्टर ने कार्यक्रम से जुड़े जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह केंद्र सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में चिकित्सा एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं अन्य जुड़े हुए कार्य, बुनियादी ढांचे, सामाजिक विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने बीसीएमओं को उपखंड क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के विकास के लिए कराए जाने वाले कार्यों का एस्टीमेट बनाकर आगामी बैठक में लाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, सीईओ को स्वच्छ भारत मिशन के तहत 38 बालिका शौचालय बनवाए जाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# गौमाता एवं बछड़ो की पूजा कर की सुख समृद्धि की कामना



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** मां-बेटे के वात्सल्य का प्रतीक लोकपर्व बच्छ बारस भाद्रपद कृष्ण पक्ष की द्वादशी तिथि पर शुक्रवार को कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र में परपरागत हर्षोल्लास एवं श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस मौके पर माताओं की ओर से बछड़े व उसकी गाय मां का पूजन करने के साथ ही अपने पुत्रों के भी तिलक लगाकर, मौली बांधकर व लड्डू खिलाकर उनके दीर्घायु होने की मंगल कामना की। इस अवसर पर महिलाओ ने सुबह जल्दी ही स्नान कर गौमाता एवं बछड़ो की पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि कामना की। शुक्रवार की प्रातः महिलाए पूजा की थाली सजाकर गौमाता का पूजन करने के लिए गौआवास में पहुची वहां उन्होने गौमाता को तिलक लगाकर फूलमालाएं चढाकर श्रद्धा एवं भक्ति भाव से पूजन किया एवं गाय माता को वस्त्र ओढाकर भीगे चने एवं मूँग का भोजन करवाया। महिलाओ ने गौमाता की पूजा कर गौ-पालको को वस्त्र, धान, मिठाई एवं उपहार भेंट कर आशीर्वाद लिया। बच्छबारस के दिन ग्रामीण इलाकों में माताओं द्वारा गेहूं के आटे व गाय के दूध से निर्मित व्यंजनों एवं चाकू से कटी सब्जियों का परित्याग किया गया तथा बाजरे की रोटी तथा आखे धान चना व मूंग आदि की सब्जियां ही खाई गई। गाय की दूध की जगह भैंस या बकरी के दूध का उपयोग किया गया। इस उपलक्ष में बच्छबारस पर्व की कथा का भी श्रवण किया जाएगा एवं व्रत-उपवास भी रखे गए।

## चोरी का खुलासा करवाने की मांग को लेकर व्यापारियों ने डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को सौंपा ज्ञापन

# 7 दिवस में उक्त चोरी का खुलासा नही होने पर करेंगे धरना प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** थोक एवं खुदरा किराणा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मंडल अध्यक्ष चेतनकुमार चंवरिया के नेतृत्व में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा को गत दिनों शिवाजी पार्क रोड पर एक किराणा की दुकान से चोरी हुआ सामान को बरामद करने व आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग की है। अध्यक्ष चंवरिया ने बताया कि शिवाजी पार्क रोड पर स्थित फर्म गप्पूलाल, महावीर प्रसाद की किराणा की दुकान से 11 अगस्त को चोर दुकान का शटर तोडकर सामान चोरी करके ले गए थे। पीडित दुकानदार द्वारा इस मामले में पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया था। लेकिन चोरी गये माल व चोरों का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। इस सन्दर्भ में व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों द्वारा कई बार उच्च अधिकारियों से मिलकर चोरी का खुलासा कर माल बरामद करवाने का मौखिक निवेदन किया जा चुका है परन्तु आला अधिकारियों द्वारा आज तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई है जिससे सम्पूर्ण व्यापारी वर्ग में आक्रोश व्याप्त है। ज्ञापन में आगामी 7 दिवस में उक्त चोरी का खुलासा करने की मांग की है। साथा ही निर्धारित अवधि में खुलासा नहीं होने पर समस्त व्यापारी मण्डल द्वारा धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई है।

# विद्युत उपभोक्ताओं से 12 लाख रूपए की बकाया राशि वसूली, 33 बकायादारों के काटे विद्युत कनेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** विद्युत विभाग के राजस्व वसूली अभियान के तहत नियमित उपभोक्ताओं से 12 लाख रूपए की बिल की बकाया राशि वसूल की गई है। इस दौरान 33 बकायादारों के विद्युत कनेक्शन काटे गए हैं। विभाग के सहायक अभियंता अ प्रथम कैलाशचन्द माली ने बताया कि राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति एवं विद्युत बिल जमा करवाने हेतु अधिनस्त कार्यालय के केश काउंटर शनिवार को भी खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि वसूली अभियान के दौरान शुक्रवार को नियमित उपभोक्ताओं से 12.05 लाख रूपए की बिल की बकाया राशि वसूल की गई है।

# लोक अदालत को लेकर बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा( कृष्णचन्द्र विजय )।** न्यायालय परिसर में तालुका विधिक सेवा समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को जिला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार जलथूरिया व तालुका सेवा समिति मालपुरा अध्यक्ष एडीजे कृष्ण मुरारी जिदंल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 28 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में न्यायिक अधिकारी सहित जलदाय विद्युत, टेलीफोन के अलावा राष्ट्रीयकृत व नीजि बैंक अधिकारियो की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलूथरिया ने 28 सितम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में तालुका मालपुरा के तीनो सिविल, फौजदारी व राजस्व मामलो का अधिक से अधिक निस्तारण करवाने के निर्देश दिए गए। साथ लोक अइालत में निस्तारण करवाए जाने वाले प्रकरणो को चिन्हित करवाने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा बैठक में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार भारतीय स्टेट बैंक के अनुरोध पर ऋण खातो पर प्रीलिटिगेशन के नोटिसो को तामिल करवाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के जिला सचिव दिनेश कुमार जलूथरिया, तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष - अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश कृष्णमुरारी जिन्दल, रेश जानवानी वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश, सिविल न्यायाधीश धर्मेन्द्र कुमार शर्मा के अलावा बैंको, जलदाय, विद्युत, टेलीफोन विभागो के प्रतिनिधि मौजुद रहे।





**किया उप कारागृह मालपुरा का निरीक्षण:** तालुका विधिक सेवा समिति मालपुरा के सचिव रवि कुमार जांगिड़ ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव दिनेश कुमार जलुथरिया ने मालपुरा प्रवास के दोरान शुक्रवार को उप कारागृह मालपुरा का औचक निरीक्षण किया। इस दोरान जलुथरिया ने कारागृह में संधारित किए जाने वाले सभी रजिस्टरो व व्यवस्थाओ को जांचा। साथ ही बंदियो को दी जारी सुविधाओं व बंदियो के मुकदमो की स्थिति के बारे में भी आवश्यक जानकारी प्राप्त की।

# सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा( नि.स. )।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल मालपुरा के संजय मार्केट स्थित कार्यालय में मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्षो की भाजपा के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान पर चिंतन मंथन व मनन हुआ। शुक्रंवार को आयोजित बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू ने मौजुद कार्यकर्ताओं को जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय संगठन द्वारा राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है। राष्ट्रीय संगठन के निर्देशानुसार प्रत्येक बूथ पर दो सो सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान के लिए राष्ट्रीय संगठन की ओर से मोबाइल नंम्बर 8800002024 पर मिस्ड काल देकर भी भाजपा के सदस्य बनाए जा सकते हैं। उन्होंने मौजुद सभी बूथ अध्यक्षो से आव्हान करते हुए कहा कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक सदस्य बनाकर भाजपा के सदस्यता अभियान को सफल बनाकर संगठन के प्रति अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ पूरा करें। अंत में मंडल अध्यक्ष जैन ने सभी का आभार प्रकट किया।

# खोया हुआ मोबाइल असल मालिक को लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



बढ़ता राजस्थान

**देवली ( नि.स. )।** कहते है ईमानदारी एक महंगा शोक है जो कि हर किसी के बस की बात नही है। इशी बात को चरित्रार्थ किया बस स्टैंड पर चाय की थड़ी लगाने वाले व्यक्ति मोंटी साहू ने। हुआ यह की मोंटी साहू को बस स्टैंड पर एक एंड्राइड मोबाइल लावारिस पड़ा मिला। काफी प्रयास करने के बावजूद मालिक का पता नही लगने पर मोंटी साहू। मोबाइल को लेकर मीडियाकर्मी बृजेश भारद्वाज के पास पहुँचे जहाँ उक्त मोबाइल पर फोन आने से एक युवक द्वारा मोबाइल उसका होने का दावा किया गया। जिस पर मीडियाकर्मी भारद्वाज ने उक्त युवक को अपने ऑफिस पर मोबाइल का बिल लेकर बुलाया जहाँ मोबाइल का सीक्रेट लोक युवक से ओपन करवाने व आई एम आई नंबर का मिलान करवाकर वेरिफाई करने के बाद मोबाइल असल मालिक को लोटा दिया। युवक ने बताया कि वो बुधवार रात्रि को 2 बजे वो अजमेर से आया था जहाँ देवली बस स्टैंड पर कही मोबाइल गिर गया था। उल्लेखनीय की उक्त मोबाइल राजेश कुमार मीणा पुत्र लादू लाल मीणा ग्राम मुगलाना तहसील दूनी जिला टोंक का पाया गया है।इस मौके पर भाजपा नेता यज्ञेश दाधीच,मीडियाकर्मी बृजेश भारद्वाज व भगवान गुरुकृपा संस्थान के संस्थापक पंडित मुकेश गौतम मौजूद रहे।

# 8 लाख 63 हजार का बकाया, विद्युत निगम ने काटे 25 कनेक्शन

बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** जयपुर विद्युत वितरण निगम ने बकाया नहीं चुकाने पर शुक्रवार को 25 कनेक्शन काटे गए। लाखो रुपए के बिल बकाया और विद्युत चोरी से त्रस्त निगम प्रशासन अब अपने बकाया की वसूली अभियान के तहत सख्ती दिखा रहा है। सहायक अभियंता केसी माली व कनिष्ठ अभियंता राघव अग्रवाल के दलों ने नटवाड़ा, सिरस, नोहट्टा, झिलाई, गोपालपुरा सहित एक दर्जन गांवो में ताबड़तोड़ कार्रवाई करते बिल जमा नही करवाने वाले 25 उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए। वही 3 लाख 25 हजार रुपए की वसूली की। विद्युत निगम द्वारा 8 लाख 63 हजार बकाया राजस्व की वसूली अभियान की शुरूआत करते हुए कई उपभोक्ताओ के बिजली कनेक्शन काटे गए।

अब तक की अपीलों के बाद भी बिल नहीं भर रहे उपभोक्ता निगम के कड़े तेवरों के बाद अब राशि जमा करवाने आगे आ रहे हैं और अनेक उपभोक्ताओ ने दलों को मौके पर ही 3 लाख 25 हजार की बकाया राशि नकद जमा करवाई। जिसके बाद उनके ट्रांसफार्मर्स को नहीं उतारा गया।

# बस स्टैंड पर विकास कार्यों का लोकार्पण

## भामाशाहों के सहयोग से बदली बस स्टैंड बुकिंग की सूरत

बढ़ता राजस्थान



**देवली ( गोविन्द सिंह सेठी )।** यात्रियों को बेहतर सुविधा देने के लिए रोडवेज कर्मियों नेबीड़ा उठा भामाशाहों का सहयोग लिया।कहते हैं कुछ कर गुजरने का इरादा हो तो तकदीर को बदला जा सकता है। ऐसा ही बदलाव स्थानीय बस स्टैंड बुकिंग पर देखा जा सकता है।बदली तस्वीर के चलते गुरुवार को आयोजित समारोह में सहयोग देने वाले भामाशाहों एवं स्टाफ का सम्मान किया गया।

रोडवेज बुकिंग पर यात्रियों की परेशानी एवं कई कमियों को यहां कार्यरत क्लर्क राकेश शर्मा ने सुधारने की पहल की। इन्होंने भामाशाहों के सहयोग से यहां बस स्टैंड बुकिंग इमारत की तस्वीर बदल के रख दी है। बुधवार को बस स्टैंड पर भामाशाहों के सहयोग से हुए रंग पेंट तथा बुकिंग विंडो तथा यात्री विश्रामगृह के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ द्य यात्री विश्राम गृह में सीमेंट की कुर्सियां तथा यात्रीयो के लिए पंखे लगाए गए है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शहर के भामाशाह नवल मंगल एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पवन कुमार शर्मा रहे। इनके साथ ही मंचासीन अतिथियों का साफा, माला और दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। सभी भामाशाहों का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर भारतीय परिवहन महासंघ राष्ट्रीय मंत्री महेश चतुर्वेदी ,बूंदी आगार मुख्य प्रबंधक सुनीता जैन, बद्री लाल श्रंगी,भारतीय मजदूर संघ बूंदी पूर्व जिला उपाध्यक्ष मोहन सोनी आदि मौजूद रहे।स्थानीय बुकिंग प्रभारी राकेश कुमार शर्मा,मनोज मीणा ने मेहमानों का स्वागत किया। कार्यक्रम में समाजसेवी प्रेमचंद शर्मा, यज्ञेश दाधीच, सत्यनारायण दीपक,चिंटू हल्दिया,भगवान दास शर्मा, सत्यनारायण गोयल, मानवेंद्र सिंह, जैनेंद्र जैन, बृजेश भारद्वाज, पंकज शर्मा (भारत गैस),अशोक माहेश्वरी, पंकज त्रिपाठी,योगेश श्रीमाल, अशोक दुबे,घीसालाल टेलर,राजेश नामा, शिवाजी साहू,कन्हैया लाल लुनिवाल सहित कई लोग उपस्थित रहे। देवली.बस स्टैंड बुकिंग पर भामाशाह का सम्मान किया।

# दिल्ली विश्वविद्यालय कमला नेहरू कॉलेज की प्रिंसिपल नियुक्त हुई प्रोफेसर पवित्रा भारद्वाज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** दिल्ली विश्वविद्यालय के कमला नेहरू कॉलेज में प्राचार्या के रूप में प्रोफेसर पवित्रा भारद्वाज ने कार्यभार संभाल लिया है । सहायक प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार मीणा ने बताया कि कमला नेहरू कॉलेज में पिछले 7 वर्षों से ऑफशियाटिंग प्रिंसिपल के रूप में प्रोफेसर कल्पना भाकुनी ने कार्यभार संभाला हैं। कमला नेहरू कॉलेज की स्थापना 1964 में हुई थी। जिसको राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद द्वारा ए ग्रेड कॉलेजों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है। वर्ष 2024 में कमला नेहरू कॉलेज को राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क के द्वारा देश के सर्वोच्च कॉलेज के क्रम में 43 रैंक प्राप्त हुई हैं । प्रोफेसर पवित्रा का शैक्षणिक और व्यावसायिक अनुभव कॉलेज को सर्वोच्च शिखर पर ले जाने के काम आएगा । उनके पास एमसीए और एमबीए की डिग्री है, जिसके साथ एमफिल भी है। इसके साथ ही उन्होंने जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के सेंटर फॉर स्टडीज इन साइंस पॉलिसी से पीएचडी की है। भारद्वाज ने कहा कि कॉलेज को बदलाव की जरूरत है - बुनियादी ढांचे और सुविधाओं और कुछ आंतरिक मामलों पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। मेरी प्राथमिकता छात्रों और संकाय के लिए एक अच्छा वातावरण सुनिश्चित करना है। हमें इन पर काम करने की जरूरत है। शिक्षण-अधिगम और अनुसंधान के लिए सर्वोत्तम अनुकूल




वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने संस्थान की प्रतिष्ठा बढ़ाने और एनआईआरएफ रैंकिंग और समग्र शैक्षणिक माहौल में सुधार के लिए लगन से काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। उम्मीद है कि उनकी विशेषज्ञता कमला नेहरू कॉलेज के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

# केकड़ीं क्षेत्र से होकर गुजरेंगे दो ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, बदल जाएगी केकड़ी क्षेत्र की दशा व दिशा, औद्योगिक विकास में साबित होंगे मील का पत्थर

बढ़ता राजस्थान

**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** केकड़ी जिले से होकर गुजरने वाले प्रस्तावित जयपुर-भीलवाड़ा व भरतपुर-ब्यावर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे की डीपीआर बनाने के लिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंजूरी दे दी है। इन दोनों मार्गों के बनने से केकड़ी क्षेत्र में औद्योगिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा और हजारों लोगों को रोजगार मिलने के रास्ते खुलेंगे। साथ ही समय की बचत के साथ यात्रा भी अत्यधिक सुगम होगी। इस सम्बंध में इस संवाददाता से एक बातचीत में विस्तृत जानकारी देते हुए क्षेत्रीय विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा है कि इससे केकड़ी क्षेत्र की दशा व दिशा बदलेगी।


फाईल फोटो



## जयपुर-भीलवाड़ा एक्सप्रेस-वे

जयपुर-भीलवाड़ा ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे 193 किमी लम्बा होगा, जिसके बनने से करीब 5 जिलों को फायदा मिलेगा। इस प्रोजेक्ट में 9,864 करोड रुपए की लागत आएगी। यह एक्सप्रेस-वे एक नेशनल हाईवे व 6 स्टेट हाईवे को क्रॉस करेगा। एक्सप्रेस-वे में 17 एचएलबी, 17 छोटे पुल व 6 फ्लाई ओवर बनाना प्रस्तावित है। इसके लिए 1777 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहित की जाएगी। अवाप्त जमीन की कीमत करीब 1,423 करोड़ रुपए होगी। प्रारंभिक रुप से एक्सप्रेस-वे के सिविल वर्क पर 4,696 करोड़ रुपए व प्रति किमी करीब 24.33 करोड़ रुपए की लागत आएगी। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद जयपुर-भीलवाड़ा की दूरी 13 किमी कम होगी और सफर मात्र दो घंटे का रह जाएगा।

## ब्यावर-भरतपुर एक्सप्रेस-वे

इसी तरह ब्यावर-भरतपुर एक्सप्रेस-वे, ब्यावर में राष्ट्रीय राजमार्ग 58 से शुरू होकर भरतपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग 21 को जोड़ेगा, जिसकी लम्बाई 342 किलोमीटर होगी। इस एक्सप्रेस-वे पर 14 हजार 10 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके लिए 3175 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण होगा। यह एक्सप्रेस-वे ब्यावर, मसूदा, बांदनवाड़ा, भिनाय, नागोला, केकड़ी, टोडारायसिंह, गंगापुर सिटी होते हुए भरतपुर जाकर मिलेगा। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से पश्चिमी राजस्थान व गुजरात के लोगों को यूपी के मथुरा, वृंदावन सहित अन्य जगहों पर जाने के लिए जयपुर होकर जाने के बजाय सीधा रूट मिलेगा, जिससे दूरी भी कम होगी और समय की भी बचत होगी।

## यह मिलेगा फायदा

इन योजनाओं की क्रियान्विती का प्रारंभिक चरण शुरू होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केकड़ी के विधायक शत्रुघ्न गौतम ने कहा कि केकड़ी से जयपुर-भीलवाड़ा व भरतपुर-ब्यावर एक्सप्रेस-वे बनने से केकड़ी में आद्योगिक निवेश का रास्ता खुलेगा। यहां पर बड़ी औद्योगिक इकाइयां लगेगी, जिनके माध्यम से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा। केकड़ी अभी तक बड़ें सड़क मार्गों की कनेक्टिविटी से वंचित था। एक्सप्रेस-वे बनने के बाद केकड़ी औद्योगिक निवेश के लिए हर सुविधा से युक्त होगा, जिससे केकड़ी शहर की दशा व दिशा बदल जाएगी। बड़े औद्योगिक शहरों का सीधा जुड़ाव केकड़ी से हो सकेगा। साथ ही लोग कम समय में एक शहर से दूसरे शहर पहुंच सकेंगे। उन्होंने भरोसा व्यक्त करते हुए कहा कि एक्सप्रेस-वे की डीपीआर जल्द बनकर तैयार हो जाएगी। उसके बाद आने वाले समय में जल्दी ही दोनों ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण शुरू होगा।

### तपस्या रंग ला रही है केकड़ीं विधायक की

भारी यातायात के दबाव के चलते केकड़ी क्षेत्र से होकर गुजर रहे राजमार्गों पर यात्री आए दिन दुर्घटनाओं से जान-माल की क्षति का दंश झेल रहे थे। इससे व्यथित होकर केकड़ीं विधायक शत्रुघ्न गौतम ने विधानसभा चुनाव जीतते ही इन राजमार्गों को फोरलेन कराने का संकल्प लेकर चप्पल जूतों का त्याग कर दिया था। भीषण गर्मी के दिनों में भी आठ महीनों तक नंगे पैर रहने के बाद केंद्र व राज्य सरकार के शीर्ष नेतृत्व ने अपनी ही पार्टी के विधायक के प्रण से प्रभावित होकर उसे पूरा करने का फैसला किया और प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक गौतम के जन्मदिन पर एक भव्य समारोह में केकड़ी आकर उन्हें जूते पहनाए। अब सरकार द्वारा की गई घोषणाएं साकार रूप लेने की दिशा में अग्रसर है।

# नेत्रदान जागरूक पखवाड़ा के तहत सक्षम के द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** समदृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) के द्वारा 25 अगस्त से 8 सितंबर तक चलने वाले नेत्रदान जागरूक पखवाड़ा के तहत एक विचार गोष्ठी का आयोजन राजकीय वरिष्ठ संस्कृत विद्यालय में किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ (सर्जन) डॉक्टर विमल जी गुप्ता तथा अध्यक्षता संस्था प्रधान श्री राघवेंद्र जी शर्मा के द्वारा की गई। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों का परिचय करवाया गया उसके बाद सभी का संगठन का दुपट्टा गले में डालकर स्वागत किया गया। प्रारंभ में सक्षम संगठन के बारे में तथा दिव्यांगों के लिए सरकारी योजना तथा संगठन के द्वारा किए गए कार्यों के बारे में श्री दिनेश जी गर्ग जिला सचिव के द्वारा विस्तार से बताया गया मुख्य अतिथि ने आंखों की रखरखाव व उनके बचाव के तरीकों पर बहुत बारीकी से सभी को समझाया तथा देश भर में हर तीन में से एक व्यक्ति दृष्टि बाधित के रूप में दिखाई दे रहे हैं अंधता कम करने के लिए रक्तदान की तरह ही नेत्रदान करने चाहिए। किसी दृष्टिबाधक व्यक्ति को हम मरने के बाद रोशनी दे सकते हैं मरने के बाद हमारे शरीर का कोई अंग किसी के काम आए यही जीवन की सार्थकता है अध्यक्ष की भाषण में श्री राघवेंद्र शर्मा जी ने कहा कि सक्षम के द्वारा यह कार्यकर्म अभूतपूर्व है दिव्यांग लोगों की सहायता के साथ नेत्रदान की जागरूकता भी आवश्यक है। हम सभी चर्चा करें और नेत्रदान के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करें सक्षम के वरिष्ठ कार्यकर्ता हरि बाबू जी के द्वारा सबका धन्यवाद व्यापित किया गया अंत में शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का वृहद संचालन सक्षम के वरिष्ठ कार्यकर्ता देवकीनंदन के द्वारा किया गया।



# देशबन्धु जन उत्कर्ष योजना अन्तर्गत एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संस्था लुपिन ह्यूमन वेलफेयर एण्ड रिसर्च फाउंडेशन,अलवर द्वारा संचालित देशबन्धु जन उत्कर्ष योजना अन्तर्गत एक दिवसीय पशुपालन प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कस्बे की खंडेलवाल धर्मशाला, राजगढ़ में किया गया कार्यक्रम में लुपिन फाउंडेशन के स्टेट हैड वेदप्रकाश शर्मा ने बताया की संस्था द्वारा जिले के राजगढ़ और लक्ष्मणगढ़ के 22 ग्रामों में सर्वे द्वारा चयनित आर्थिक रूप से अति कमजोर परिवारों के साथ आजीविका विकास कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके अन्तर्गत इन परिवारों की आय बढ़ाने हेतु भैंस, बकरी, मुर्गी पालन के साधन व सिंचाई के साधन सब्जी उत्पादन आदि गतिविधियों से जोड़ा गया । संस्था द्वारा योजना अन्तर्गत दोनो ब्लॉक के 82 पशुपालको का चयन कर इनको भैंस पालन करवाया गया इस हेतु पशुपालको को एक दिवसीय पशु पालन प्रबन्धन का प्रशिक्षण दिया गया।

+प्रशिक्षण कार्यक्रम के बाद सभी किसानों की आजीविका बढ़ाने हेतु संस्था द्वारा सभी पशुपालकों को 2-2 भैंस, पशुशेड हेतु टीन, पाईप आदि 60 प्रतिशत सहयोग राशि में दिलवाए गए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री कर्ण विश्वविद्यालय, जोबनेर से रिटायर आचार्य श्री बी. के. तिवाड़ी ने पशुओ में होने वाली बीमारियों के लक्षण व उनका देशी उपचार, खानपान हरा चारा, पशु आहार, कृत्रिम गर्भाधान,टीकाकरण आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालन विभाग के वरिष्ठ पशुचिकित्सक मोहन लाल मीना ने पशु पालन विभाग द्वारा संचालित योजना पशु के सी सी, बीमा,टीकाकरण व गलघोटू, खुरपका आदि बिमारीयो, उनके उपाय आदि के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संस्था के कार्यक्रम प्रभारी राजेश कुमार घीया, राजगढ़ के क्लस्टर मैनेजर सतीश रावत,ब्लॉक कॉर्डिनेटर नरेश कुमार शर्मा, गिर्राज प्रसाद शर्मा,राजेन्द्र सैनी व लक्ष्मणगढ़ के ब्लॉक कॉर्डिनेटर विमलेश सैन और प्रशिक्षण में आर्थिक रूप से अति कमजोर परिवार के 82 महीला व पुरूष पशुपालकों ने भाग लिया।



# बीजेपी के बिजौली मंडल की कार्यशाला, सदस्यता अभियान को लेकर दिए निर्देश

## हर बूथ पर बनाने है 200 सदस्य,पार्टी की मजबूती के लिए हर कार्यकर्ता करे प्रयास

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** भारतीय जनता पार्टी के बिजौली मंडल के सदस्यता अभियान की कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को गेलानाथ बाबा मंदिर बिजौली पर किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बिजौली रामवीर सिंह गुर्जर ने की वही कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष सत्येंद्र पाराशर मौजूद रहे। मुख्य वक्ता धर्मेंद्र सिंह कंसाना उर्फ मगे किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष व मंडल प्रभारी बिजौली मंडल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा एक सितंबर से पीएम नरेंद्र मोदी बीजेपी के सदस्यता अभियान का शुभारंभ करेंगे। ऐसे में बीजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता को निर्देश मिले है की वे प्रत्येक बूथ स्तर पर कम से कम 200 सदस्य बनाये। इस लक्ष्य को हम सब पदाधिकारी और कार्यकर्ता मिलकर पूरा करेंगे। इसके लिए सभी को अपने-अपने स्तर पर प्रयास करने होंगे और बीजेपी की रीति-नीति से सभी को अवगत कराना होगा जिससे आमजन का झुकाव पार्टी के प्रति बढ़े। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि सदस्यता अभियान के जिला संयोजक धीर सिंह जादौन,जिला संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ विष्णु कुमार सिंघल,जिला उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा रामवीर त्यागी,जिला मंत्री उषा जाटव,शैलेंद्र यादव,केजी तिवारी,सदस्यता अभियान के मंडल संयोजक ऋषि पाल गुर्जर,सहसंयोजक गोपाल कोली,संतोष शर्मा,दशरथ सिंह,अनुपम जाटव,हंसराम गुर्जर,दरूआराम शर्मा,मलखान कंसाना, विशंभर कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, तिलक पंडित, शैलेंद्र सिंह गुर्जर, शशिकांत जगरिया, रंजीत गुर्जर, पूरन सिंह कुशवाहा, सतीश मीणा, बंटी मीणा, रविंद्र सिंह गुर्जर सहित दर्जनों की संख्या में बीजेपी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रिश्वत मामले में होमगार्ड को पकड़ा, फिर बताया निर्दोष

## एसीबी के डीएसपी बोले- 'हम इंसान हैं, भगवान नहीं'; अब परिवादी सहित तीन गिरफ्ता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** एसीबी ने गुरुवार को अलवर कलेक्ट्रेट के होमगार्ड को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान होमगार्ड बार-बार कहता रहा। उसने रिश्वत नहीं ली लेकिन अधिकारियों ने एक नहीं सुनी। मामले के दूसरे ही दिन शुक्रवार को एसीबी ने मामले झूठा बताकर होमगार्ड को छोड़ दिया। वहीं होमगार्ड के खिलाफ शिकायत करने वाले सहित तीन जनों को गिरफ्तार किया। तीनों ने एसीबी को झांसा देने के लिए फर्जी तरीके से बनाया ऑडियो पेश किया था।

### होमगार्ड के खिलाफ शिकायत करने वाले सहित तीन गिरफ्तार

मामले को लेकर एसीबी के डीएसपी महेंद्र ने कहा- हम इंसान हैं। भगवान नहीं। हमें तथ्य गलत दिए इसलिए उसके अनुसार काम किया। मामला समझ आया तब दोषियों महबूब और कपिल को पकड़ा। कलेक्ट्रेट का होमगार्ड सहजूदीन निर्दोष है।

### ये था मामला

एसीबी के डीएसपी महेंद्र ने बताया- शिकायतकर्ता महबूब अली के घर में झगड़ा चल रहा था। परिवार में उसके हिस्से की जमीन नहीं मिली। इनकी जमीन को होमगार्ड सहजूदीन ने खरीद लिया था। तब महबूब ने होमगार्ड सहजूदीन को मना किया था कि उनके घर की जमीन नहीं खरीदे। उसे हिस्सा नहीं मिला है। होमगार्ड ने बात नहीं मानी और जमीन का सौदा कर लिया। इसके बाद महबूब ने होमगार्ड को सबक सिखाने की ठान ली। महबूब ने इस बारे में अपने भाई मकसूद को बताया था। मकसूद ने नगर निवासी कपिल को सारी बात बताई। महबूब, मकसूद व कपिल ने षड़यंत्र रचा। इसके बाद एसीबी में होमगार्ड की ओर से रिश्वत मांगने की शिकायत की।

# संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने इंदिरा रसोइयों का किया औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने अन्नपूर्णा रसोइयों का औचक निरीक्षण किया। संभागीय आयुक्त ने गुरुवार शाम सैंपऊ एवं तसीमों स्थित अन्नपूर्णा रसोई ग्रामीण का निरीक्षण किया। उन्होंने रसोई की पाकशाला, भण्डार घर, टोकन काउंटर, साफ सफाई की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान संभागीय आयुक्त ने निर्धारित मेन्यू के अनुरूप गुणवतापूर्ण भोजन तैयार करने एवं प्रत्येक लाभार्थी को निर्धारित मापदंड के अनुसार भोजन उपलब्ध करवाने हेतु संचालको को निर्देश दिए। उन्होंने प्रतिदिन बोर्ड पर भोजन का मेन्यू लिखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना गरीब, जरुरतमंद लोगों, दिहाड़ी मजदूरो के लिए किसी वरदान से कम नहीं हैं। संभागीय आयुक्त ने कहा कि लाभार्थी का फोटो स्कैनर से फोटो खींचकर समुचित टोकन प्रदान कर भोजन उपलब्ध कराया जाये। उन्होंने रसोई संचालक को साफ सफाई रखने तथा भोजन में मिलिट यानि मोटे अनाज के प्रयोग हेतु निर्देश दिए।

# नगर परिषद एवं नगर पालिका के रिक्त सदस्य पद उपचुनाव हेतु प्रशिक्षण आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** नगर परिषद धौलपुर एवं नगर पालिका बाड़ी के रिक्त सदस्य पद के उप चुनाव हेतु नियुक्त पीठासीन अधिकारियों एवं प्रथम मतदान अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण जिला कलेक्ट्रेट सभागार धौलपुर में आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी ने उपचुनाव में पारदर्शिता एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पक्ष मतदान करने के निर्देश पीठासीन अधिकारियों को देते हुए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों की पालना करने को कहा। प्रशिक्षण में उपस्थित पीठासीन एवं प्रथम मतदान अधिकारियों को मास्टर ट्रेनर अतुल चौहान ने मतदान दलों की रवानगी के समय किए जाने वाले कार्य में मतदान संबंधी सामग्री की प्राप्ति और जांच के साथ ईवीएम की जांच एवं पेपर सीलों के नंबरों के मिलान करने को कहा। उन्होंने प्रथम, द्वितीय और तृतीय मतदान अधिकारियों के मतदाता पहचान, मतदाता रजिस्टर संधारण, अमित स्याई, मतदाता पर्ची बनाने एवं बैलेट जारी करने की जानकारी पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से दी।

# खरीफ की फसल की ऑनलाइन गिरदावरी में आ रही परेशानी को लेकर पटवार संघ का विरोध

## तहसीलदार को सौंपा समस्या समाधान को लेकर ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** खरीफ की फसल की ऑनलाइन गिरदावरी में आ रही परेशानी को लेकर राजस्थान पटवार संघ द्वारा तहसीलदार मोहम्मद हनीफ खां को ज्ञापन सौपा है। उक्त ज्ञापन में पटवार संघ ने मांग की है कि वर्तमान में सरकार द्वारा खरीफ की फसल की ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य राज्य खसरा गिरदावरी मोबाइल ऐप से कराई जा रही है। उक्त ऐप को मोबाइल से मौके पर जाकर गिरदावरी करने में कई प्रकार की परेशानी आ रही है और पटवारीयो की जान को खतरा है साथ में उचित संसाधन नहीं है। ऐसे में समस्याओं के समाधान को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सोपा है। राजस्थान पटवार संघ के बाड़ी ब्लॉक अध्यक्ष नरेश कुमार मीणा ने बताया की राजस्थान सरकार ने ऑनलाइन गिरदावरी का कार्य शुरू किया है। वर्तमान में खरीफ की फसल को लेकर यह ऑनलाइन गिरदावरी करने के लिए राज्य खसरा गिरदावरी मोबाइल एप दिया गया है। उक्त ऐप को चलाने के लिए सबसे पहले 64 एमपी कैमरा और 8त्नक्च रैम के मोबाइल की जरूरत है। जो हर पटवारी के पास उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा मौके पर जाकर ऑनलाइन गिरदावरी करने में समस्याएं सामने आ रही हैं। यदि उपरोक्त समस्याओं का समाधान सरकार और विभाग द्वारा जल्द नही किया गया तो सभी पटवारी उक्त ऑनलाइन गिरदावरी कार्य का बहिष्कार करेंगे। इस दौरान मौके पर अध्यक्ष नरेश कुमार मीणा के साथ महावीर सिंह,मानवेंद्र सिंह, विश्वेंद्र गुर्जर,धर्मेंद्र सिंह,सुरेश गोदारा,मनफूल,जितेंद्र मौर्य, सुनीता मीणा,विमलेश मीणा,देवेंद्र मीणा,कमलेश सहित तमाम पटवारी मौजूद रहे।



# रात्रि चौपाल सैपऊ में संभागीय आयुक्त ने सुनी परिवेदनाएं, आमजन की समस्याओं पर त्वरित निस्तारण के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने गुरुवार को सैंपऊ में रात्रि चौपाल में आमजन की परिवेदनाओं को सुना। पंचायत समिति कार्यालय में आयोजित रात्रि चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। परिवादी निरंजन निवासी जाटव बस्ती कूंकरा माकरा ने पोखर से अतिक्रमण हटवाये जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिस पर संभागीय आयुक्त ने तहसीलदार को समुचित कार्यवाही बाबत निर्देशित किया। वहीं परिवादी रामखिलाडी निवासी कूंकरा के मामले में पटवारी को सीमा ज्ञान कराये जाने हेतु निर्देश दिये। रात्रि चौपाल में पुरानी छावनी के ग्राम वासियों ने फौजदार मोहल्ले में सफाई कराने हेतु परिवाद संभागीय आयुक्त के समक्ष रखा जिस पर उन्होंने विकास अधिकारी को गांवों में सफाई कार्य कराये जाने हेतु निर्देशित किया।

# केकड़ी में शिविर लगाकर बच्चों को पिलाया स्वर्ण प्राशन, बच्चों में बल और बुद्धि को बढ़ाता है यह आयुर्वेदिक नुस्खा

बढ़ता राजस्थान



**केकड़ी ( संजय कटारिया )।** राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय केकड़ी में शुक्रवार को बढ़ते कदम गौशाला संस्थान केकड़ी एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्ण प्राशन शिविर लगाया गया, जिसमें छह माह से सोलह वर्ष तक के एक हजार 29 बच्चों को निशुल्क स्वर्ण प्राशन की खुराक पिलाई गई। शिविर का शुभारंभ आयुर्वेद महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ रंजना जैन, चिकित्सक डॉ विकास गजराज, बढ़ते कदम गौशाला के अध्यक्ष अशोक पारीक व समाजसेवी आनंद सोमानी द्वारा भगवान धन्वंतरी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। शिविर का आयोजन डॉ ललिता मीणा के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में सुबह नौ बजे से ही अभिभावक द्वारा बच्चों को लाने का क्रम शुरू हो गया। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विद्यार्थी जीविधा माली, खुशबुराज, गोपाल कुमावत, कशिश शर्मा, रोहित, कैलाश बिश्नोई, तुलसी, जगदीश देवाशी, अंकिता, पवन सैनी, प्रिंसी, सना, गर्विता सिंह, मिनाल सुथरा, रूपाल, विकास मीणा आदि ने शिविर में आये हुए बच्चों का वजन व लंबाई दर्ज कर पंजीकरण करने व दवा पिलाने में सहयोग किया। यह जानकारी देते हुए गोशाला संस्थान के मीडिया प्रभारी महेन्द्र प्रधान ने बताया कि पुष्य नक्षत्र में बच्चों को स्वर्ण प्राशन की तीन व छह बूंदें पिलाई जाती हैं, जिसके बाद आधे घंटे तक उन्हें निराहार रहना होता है। संक्रमण की आशंका और मौसमी बीमारियों को देखते हुए यह बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही हितकर है। यह न केवल बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को दुरुस्त करता है, बल्कि स्मरण शक्ति एवं बुद्धि को भी बढ़ाता है। यह सामान्य एवं जटिल रोगों को होने की आशंका को भी कम करता है। उन्होंने बताया कि स्वर्ण प्राशन एक औषधि है, जो पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथों में वर्णित विधि के अनुसार स्वर्ण को घी, शहद व अन्य कीमती जड़ी बूटियों के साथ घोटकर बनाई जाती है। उन्होनें बताया कि बढ़ते कदम गौशाला संस्थान केकड़ी एवं डाबर इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आयुर्वेद विभाग की देखरेख में यह औषधि लगातार प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र की तिथि में शिविर लगाकर सैंकड़ों बच्चों को पिलाई जा रही है।

# मोड़क में शिक्षा मंत्री का समस्या समाधान शिविर

## नैत्रहीन शिक्षक को मिला इच्छित स्थान पर पदस्थापन

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( का.स. )।** रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र के मोड़क गांव में आयोजित शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के जनसमस्या समाधान शिविर में अपनी फरियाद लेकर आए नेत्रहीन विशेष अध्यापक लेवल-2 सामाजिक बनवारी लाल सेन ने शिक्षा मंत्री से अनुरोध किया कि उनका स्थानांतरण उनके घर के निकट कर दिया जाए। शिक्षा मंत्री ने संवेदनशीलता दिखाते हुए बनवारी लाल को उनके इच्छित स्थान पर लगाने के निर्देश प्रारंभिक शिक्षा निदेशक को दिए।

उल्लेखनीय है कि 100 प्रतिशत नैत्रहीन श्रेणी में आने वाले बनवारी लाल राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नयागांव अकरन, ब्लॉक खानपुर जिला झालावाड़ में पदस्थापित हैं जो कि उनके घर से 30 किलोमीटर दूर है। आने जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए उन्होंने शिक्षा मंत्री से उच्च प्राथमिक विद्यालय दानावास या रघुवीरपुरा में पदस्थापित करने की गुहार लगाई थी। शिक्षा मंत्री ने तत्काल ही इस संबंध में निदेशक, प्राथमिक शिक्षा को इच्छित स्थान पर पदस्थापित करने के निर्देश दिए।

एक अन्य प्रकरण में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, वृंदावन, ब्लॉक झालरापाटन में पदस्थापित रामकरण मेहरा, अध्यापक लेवल-2 ने परिवेदना देकर पदस्थापन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, शिव कॉलोनी, ब्लॉक खैराबाद में करने की मांग की जिस पर शिक्षा मंत्री ने उनकी इच्छानुसार स्थानांतरित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उल्लेखनीय है कि शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने 100 प्रतिशत नेत्रहीन दिव्यांग अथवा 90 प्रतिशत अन्य श्रेणी के दिव्यांगों को तत्काल उनके इच्छित स्थान पर स्थानांतरित करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अधिकारियों को दिए हैं। शिक्षा मंत्री के इस संवेदनशील फैसले के कारण अभी तक कई नेत्रहीन एवं अन्य श्रेणी के दिव्यांगों को राहत मिली है।

### दिव्यांग को तत्काल मिली पेंशन

शिविर में आए चेचट निवासी रोहित ने गुहार लगाई कि उनका साढ़े तीन वर्ष का बेटा भावेश दिव्यांग है और चलने फिरने मे असमर्थ है। उसे आर्थिक मदद की आवश्यकता है। इस पर शिक्षा मंत्री दिलावर के निर्देश पर शिविर में उपस्थित अधिकारियों ने मौके पर ही बालक भावेश को पेंशन स्वीकृत कर पेंशन पीपीओ जारी किया। रोहित ने तुरंत पेंशन स्वीकृति के लिए शिक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। शिविर के आरंभ में शिक्षा मंत्री ने पूर्व में आयोजित खैराबाद शिविर में प्राप्त परिवेदनाओं के निस्तारण की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि खैराबाद शिविर में 49 परिवेदनाएं शेष थी जिनमें से 30 खैराबाद ग्राम पंचायत से संबंधित थी। 17 की पालना कर निस्तारण कर दिया गया है। 13 अभी भी लंबित है जिनका जल्दी ही निस्तारण कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने शिविर में अपनी समस्याएं लेकर आए क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# सेवानिवृति समारोह में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुंडावत का सम्मान किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उपशाखा कपासन द्वारा शुक्रवार को सेवानिवृति समारोह का आयोजन किया गया। शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष अशोक त्रिपाठी ने बताया कि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुण्डावत के सेवानिवृत होने पर स्थानीय उपशाखा द्वारा समारोहपूर्वक अभिनंदन के साथ सम्मान किया गया।जिसमे संगठन के जिलाध्यक्ष तेजपाल सिंह चुण्डावत,एसीबीईओ गोपाललाल शर्मा,जिला सभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली,कमल दाधीच,इकबाल हुसैन,मुकेशचंद्र त्रिपाठी,उपशाखा अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास द्वारा साफा,उपरना एवं माल्यार्पण कर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कपासन डॉ. राम सिंह चुंडावत का अभिनंदन करने के साथ सम्मान किया गया।

इस अवसर पर दिलीप उपाध्याय,जगदीश प्रजापत, अश्विनी कुमार, राकेश व्यास,इरफान अली,महिला मंत्री ममता रानी,पूजा बिजारणिया,विजय सिंह नलवाया,माधवलाल भील,शिवशंकर शर्मा,मित्रवर गौड़,गोपाल नामधर,घनश्याम गर्ग,संदीप ढाका, अमराराम सहित पदाधिकारी व शिक्षकगण उपस्थित रहे।आभार उपशाखा अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शांतिलाल शर्मा ने किया।

# रेलवे ट्रैक पर मोटरसाइकिल का आधा अधूरा स्क्रैप मिला, साजिश की संभावना

बढ़ता राजस्थान

**कोटा( का.स. )।** बारां जिले में कोटा बीना रेलखंड पर छबड़ा इलाके के चाचौड़ा गांव के नजदीक रेलवे ट्रैक पर मोटरसाइकिल का आधा अधूरा स्क्रैप छोड़ने का मामला सामने आया है। इसके चलते बड़ा हादसा हो सकता था। यह पूरी साजिश नाकाम हुई है। मालगाड़ी ट्रेन इस मोटरसाइकिल के स्क्रैप से टकरा गई थी लेकिन ड्राइवर ने आपातकालीन ब्रेक लगाकर उसे रोक दिया जिससे ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। इस बारे में आरपीएफ अधिकारियों का कहना है कि यह साजिश थी या किसी ने शरारत की है। हर एंगल से जांच की जा रही है। हाल ही में इससे पहले पाली में भी इस तरह की घटना होना सामने आया था। जिसमें वंदे भारत ट्रेन को पलटने की साजिश की गई थी। इसमें पटरी पर सीमेंट ब्लॉक रखे गए थे।

आरपीएफ के कमांडेंट ए नवीन कुमार के अनुसार इस घटना में सीआर नंबर 284/2024 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 147, 153, 174 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पूरे मामले में जीआरपी और स्थानीय पुलिस समेत रेलवे प्रबंधन से जुड़े लोगों ने भी मौका स्थल का निरीक्षण किया है। उनके अनुसार 28 अगस्त की देर रात 9.27 बजे की यह घटना है। रेल लाइन पर कोई मोटरसाइकिल का स्क्रैप छोड़ गया था। यह कीचड़ से सना हुआ था। यह किसने रखा इस संबंध में अभी जांच पड़ताल नहीं हो पाई है। इससे एक मालगाड़ी जाकर टकरा गई थी, हालांकि चालक विनोद मीणा ने समझदारी करते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर मालगाड़ी रोक दी थी। आरपीएफ और रेलवे के उच्च अधिकारी इस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।

इस मामले में मोटरसाइकिल के स्क्रैप पर लिखे हुए चेचिस नंबर के आधार पर मालिक का पता लगाने का प्रयास भी किया जा रहा है। यह भी संभावना जताई जा रही है कि यह कबाड़ में से उठाया हुआ स्क्रैप है, जिसे यहां पर रेलवे ट्रैक पर पटक दिया है या फिर रेलवे ट्रैक के आसपास से ही पुरानी दुर्घटना के बाद पड़ा बाइक का स्क्रैप उठाकर रख हो।

# अंता क्षेत्र में जुआ-सट्टे का कारोबार: पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत का आरोप

बढ़ता राजस्थान

**अंता,( शफीक मंसूरी )।** अंता क्षेत्र में जुआ और सट्टे का कारोबार एक गंभीर समस्या बन चुका है, जिसमें स्थानीय निवासियों और अधिकारियों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया है।

इस अवैध कारोबार के चलते कई परिवार आर्थिक संकट में फंसे हुए हैं और समाज में असंतोष का माहौल बना हुआ है। अंता क्षेत्र में जुआ और सट्टे का कारोबार बड़े पैमाने पर फैल चुका है। मोहल्ले के तिराहे और विभिन्न स्थानों पर लोग सट्टे के खेल में लिप्त हैं। इस कारोबार के कारण कई परिवार बर्बादी की कगार पर आ गए हैं और कुछ लोग सट्टे के कर्ज में फंसकर अपनी ज़िंदगी को भी संकट में डाल चुके हैं।

### अंता क्षेत्र में लाइन लगा कर कटती है सट्टे की पर्चीया

अंता क्षेत्र में पनप रहे सट्टे के कारोबार में न जाने कितने घरों के चूल्हे की आग ठंडी हो गयी लेकिन धन्धा अभी भी जारी है। पुलिस के संरक्षण का आरोप तो आम बात है लेकिन इतना बड़ा सट्टे का कारोबार बिना राजनीति संरक्षण चलना असंभव सी बात है कस्बे में कई जगह महिलाएं सट्टे का मैनेजमेंट रखती है सट्टे के कारोबारी का सबसे बड़ा ठिकाना गुलाब बाड़ी, नयापुरा, कवासपुरा, एनटीपीसी तिराहा, बंबोरी खाड़ी के ऊपर सहित आधा दर्जन बंबोरी तिराहे पर ही जुआ सट्टा माफियाओ ने सट्टे की दुकाने चला रखी है, जिस जिस भी पुलिस अधिकारी या पुलिस जवान ने अपराधी या अपराधियों के कारोबार पर सख्ती की गई उसी पुलिस जवान अधिकारियों को जलील होकर तुरंत प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया जाता है ।

### पुलिस की कार्रवाई और चुनौतियाँ

पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई की आलोचना की जा रही है। यह कहा जा रहा है कि पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई केवल कागजी है और सट्टे के बड़े नेटवर्क को पकड़ने में विफल रही है। जुआरियों की दक्षता और उनके नेटवर्क के कारण पुलिस की छानबीन के बावजूद यह कारोबार जारी है।

# नही हुई 4 माह में भी मोटर सही पूरा गांव पानी के लिये कर रहा मांग

बढ़ता राजस्थान

**शिवाड़ ( नि.स. )।** कस्बे के पास स्थित महापुरा ग्राम पंचायत के गॉव मुरलीमनोहरपुरा में बीते करीब 4 माह से पानी की मोटर खराब पड़ी है जिसे विभाग के अधिकारी सही नही करवा रहे है लोगो का कहना है कि मोटर खराब होने से गॉव में बनी एक मात्र पानी की टंकी भी नही भरी जा रही है इस कारण से लोगो को पीने का भी पानी नही मिल रहा है और लोग महापुरा जाकर पीने का पानी हैडपम्प आदि से भर कर ला रहे है । ग्रामीणों ने बताया कि यहां विभाग ने एक प्राइवेट ऑपरेटर नियुक्त कर रखा है जो फ़ोन नही उठाता है और कनिष्ठ अभियंता 1 माह से बनास नदी के आने से शिवाड़ वाला रास्ता बंद होने का बहाना करते है जबकि इसी बीच ईसरदा और शिवाड़ में पानी की मोटर नवीन डाली जा चुकी है, तब भी रास्ता बंद था मगर मुरलीमनोहरपूरा में पानी की मोटर नही भेजी जा रही है ।

# अटल भू-जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा के सभागार परिसर, चितौड़गढ़ में शुक्रवार को सिंचाई प्रबन्धन एवं प्रशिक्षण संस्थान कोटा (आई.एम.टी.आई. कोटा) एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई चितौड़गढ़ (डी.पी.एम.यू. चितौड़गढ़ ) के तत्वधान में अटल भू-जल योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम कि विस्तृत रूपरेखा एवं संचालन शैलेन्द्र धारगवे अधीक्षण भू जल वैज्ञानिक भू जल विभाग उदयपुर, द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भू जल विभाग चित्तौड़गढ से डॉ शुभेन्द्र पाल सिंह नोडल अधिकारी, एवं कुनाल लिग्री सहायक नोडल अधिकारी अटल भू जल योजना चित्तौड़गढ, सुधिर शेखर व्यास अधीक्षण अभियंता वाटर शेड विभाग, प्रकाश चन्द्र खटीक सहायक निदेशक उद्यानिकी विभाग, दीलिप कुमार जी सहायक अभियंता जल संसाधन विभागए लोकेश कुमार कंथालिया सहायक अभियंता वाटर शेड विभाग, डॉ. आर. के सामोता उपनिदेशक कृषि एवं पदेन परियोजना निदेशक आत्मा चित्तौड़गढ सहयोगी विभाग के अधिकारियों एवं चितौड़गढ़ पंचायत समिति की 40 ग्राम पंचायतो के कृषि अधिकारी, सहायक कृषि अधिकारी, कृषि पर्यवेक्षक एवं प्रगतिशील किसानो ने उक्त प्रशिक्षण मे भाग लिया।

नोडल अधिकारी अटल भू जल योजना के डॉ शुभेन्द्र पाल सिंह ने प्रशिक्षण में अटल भू-जल योजना अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न विभागों द्वारा ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे भू जल संरक्षण एंव संवर्धन के कार्यो का प्रस्तुतिकरण किया। उन्होंने अटल भूजल योजना की जानकारी दी।

उक्त प्रशिक्षण में भू-जल विभाग चितौड़गढ़ के हिम्मत लाल चौधरी, मुकेश गुर्जर, हरि शंकर शर्मा आई.ई.सी. एक्सपर्ट, दिपेश मोहन शर्मा एग्रिकल्चर एक्सपर्ट एवं सुनिल कुमार प्रजापत, प्रमोद उपाध्याय मल्टी टांस्किग स्टाफ आदि ने प्रशिक्षण के सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया।

# विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाया



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ग्रामीण प्रखंड चित्तौड़गढ़ द्वारा विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस को षष्ठी पूर्ति वर्ष के रूप में ग्राम लाखा का खेड़ा हनुमान जी मंदिर परिसर में मनाया। ग्रामीण प्रखंड बजरंग दल गौ रक्षा संयोजक दशरथ सिंह ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस के उपलक्ष में गांव लाखा का खेड़ा हनुमान जी मंदिर परिसर में ग्रामीण प्रखंड चित्तौड़गढ़ के सभी कार्यकर्ताओं द्वारा स्थापना दिवस आयोजन किया गया ।आयोजन में संत श्री हरिदास जी महाराज और विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री मदन त्रिपाठी बजरंग दल जिला संयोजक मनोज कुमार साहू बजरंग दल सहजिला संयोजक कैलाश जाट ग्रामीण प्रखंड मंत्री सोहन कुमावत मिलन केंद्र प्रमुख रामप्रसाद पुरोहित ग्रामीण प्रखंड सह संयोजक राजू पुरबिया की अध्यक्षता में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ ।संगठन के रीति अनुसार कार्यक्रम आरंभ कर विश्व हिंदू परिषद के 60 साल धर्म रक्षार्थ मुख्य वक्ता जिला मंत्री मदन त्रिपाठी ने दी । उन्होंने बताया कि किन परिस्थितियों में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं संतों के सानिध्य में की परिस्थितियों को देखते हुए में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई विश्व हिंदू परिषद द्वारा कार सेवा से लेकर गौ रक्षा श्री राम मंदिर निर्माण धर्म परिवर्तन आदि में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के युवाओं ने हमेशा योगदान दिया और सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हरगांव ढाणी ढाणी तक संगठन को पहुंचना होगा और हर घर से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल दुर्गा वाहिनी और मातृशक्ति का सदस्य बनाना होगा तब जाकर हिंदू राष्ट्र निर्माण संभव होगा ।

तदुपरांत शांति पाठ कर आयोजन को संपन्न किया । आयोजन में प्रखंड मंत्री सोहन लाल कुमावत, राजमल ,शांतिलाल ,रतनलाल मुकेश दास, मुकेश, लक्ष्मण नरेश चरण सिंह राजपूत ,पुरबिया विनोद गोरधन सिंह हेमराज पुष्कर किशन उदयलाल रूपलाल कमलेश रतन राधेश्याम कन्हैयालाल बालू सिंह देवेंद्र सिंह अजीत सिंह राधेश्याम गुलाब देवी लाल अरुण भगवान दास अमृत विनोद कैलाश मुकेश कुमावत नरेंद्र नाथ योगी आदि दायित्व वान कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

# वार्षिक विवरणों की ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि 30 सितम्बर तक बढ़ाई

## ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब का प्रतिनिधि मंडल आरएनआई के अधिकारियों से मिला

बढ़ता राजस्थान



**कोटा( राजकुमार विजय )।** वित्त वर्ष 2023-24 के लिए प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से वार्षिक विवरणों की ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि को बढा दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए प्रेस सेवा पोर्टल के माध्यम से वार्षिक विवरणों की ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि 30 सितम्बर 2024 तक बढ़ा दी गई है। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब ने कई समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया था उसके बाद समाधान के लिए कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम को इसके लिए अधिकृत किया था। प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधि मंडल दिल्ली पहुंचा और आरएनआई के आफिस में जाकर आ रही समस्याओं के सम्बंध में चर्चा की, जिस पर इस विषय को गंभीरता से लिया गया और उसके बाद इसकी तिथि को बढा दिया गया है। आरएनआई के अधिकारियों ने भी इस समस्या को समझा और अपना सकारात्मक रुख अपनाते हुए समस्या समाधान के लिए आश्वासन दिया।

अध्यक्ष सुनील माथुर के साथ कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम,संरक्षक कय्यूम अली आदि ने इस दौरान लोकसभा अध्यक्ष से भी मुलाकात की और उन्हें भी आ रही समस्याओं से अवगत कराया, इस पर बिरला ने कहा कि जो भी केन्द्र स्तर की समस्याएं हैं उन पर चर्चा कर अधिकारियों से वार्ता कर समस्या समाधान किया जाएगा। वहीं आरएनआई विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि समाचार पत्रों को आ रही समस्याओं को ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के प्रतिनिधि लगातार आरएनआई के अधिकारियों से वार्ता करने दिल्ली जा रहे हैं। ग्रेटर कोटा प्रेस क्लब के अध्यक्ष माथुर ने बताया कि आरएनआई में नए नियम लागू किए गए हैं, कई नियमों में संशोधन किया गया है साथ ही रिटर्न भरने में भी कई तरह की समस्या आ रही थी। इन सभी को लेकर के आपत्ति दर्ज कराई गई इससे पूर्व भी क्लब के कोषाध्यक्ष बद्री प्रसाद गौतम लगातार दिल्ली आरएनआई के आफिस जाते रहे और निरंतर सम्पर्क रखा और समाचार पत्रों के मालिकों को जो समस्या आ रही है उन समस्याओं से आरएनआई के अधिकारियों को अवगत कराया। जो भी विसंगतियां सामने आ रही हैं उसे देखते हुए आरएनआई के अधिकारियों ने भी माना और समस्या समाधान का आश्वासन दिया था, उसके बाद एक परिपत्र जारी किया जिसमें ई-फाइलिंग की अंतिम तिथि को बढा दिया गया है। इससे पूर्व भी इस तिथि को बढाकर 31 जुलाई कर दिया था और अब एक बार फिर इस तिथि को बढाकर 31 अगस्त 2024 कर दिया, एक बार तिथि को बढाकर 30 सितम्बर 2024 कर दिया गया है। सभी मीडिया के साथी अपनी प्रक्रिया को समय रहते पूर्ण करें ताकी किसी भी परेशानी से बचा जा सकें।

# किसान शक्ति संगम सभा को लेकर भारतीय किसान संघ की बैठक संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ ( नि.स. )।** मिश्रौली में शुक्रवार को भारतीय किसान संघ तहसील पचपहाड़ की बैठक तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल नागर की अध्यक्षता में मां अन्नपूर्णा देवी मंदिर परिसर मिश्रौली में आयोजित हुई।

बैठक में संभाग कार्यालय मंत्री मनोहर दांगी ने कहा कि किसानो की कोई सुनने वाला नहीं है । 4 मार्च 1979 से भारतीय किसान संघ की स्थापना कल से ही लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य मिले यह मांग करता आ रहा है कई बार चुनी हुई सरकारों ने घोषणा की किसानो की आई दुगनी करेंगे लेकिन वर्तमान समय में सभी फसलों का दाम ओने -पोने भाव में बिक रहा है किसानों को जब तक अपनी फसलों का भाव नहीं मिल जाता तब तक किसान आंदोलन करते रहेंगेजिला प्रचार प्रमुख महेश मेहर ने कहा कि सितंबर माह में कृषि उपज मंडी झालरापाटन में प्रांतीय अधिवेशन होने जा रहा है इसमें 16 जिलों के किसान कार्यकर्ता पहुंचेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए तहसील सरक्षण प्रमुख महेश धाकड़ ने बताया की आज अगर किसानो को खेती में लागत के आधार पर लाभ पर लाभकारी मूल्य नही मिला तो किसान खेती में घाटे की वजह से खेती छोड़ रहा है।

### कार्यक्रम का संचालन हरीश पाटीदार ने किया।

इस दौरान तहसील मंत्री गोपाल पाटीदार , ग्राम समिति अध्यक्ष अजय पाटीदार, प्रदीप पाटीदार, श्री लाल धाकड़, विनोद पाटीदार, नरेश पाटीदार, बबलू पाटीदार, बद्रीलाल दिल्ली वाले, परमानंद पाटीदार, रामकिशन पाटीदार, ललित पाटीदार, पंकज पाटीदार, संजय जी पाटीदार, परसराम धाकड़, उदित शर्मा, गोवर्धन मेघवाल, रोड़ूलाल धाकड, जानकीलाल टेलर, राधेश्याम पाटीदार, रामसिंह जनपद, विदेश पाटीदार आदि सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# शिक्षा मंत्री ने कलेक्टर को दी व्यवहार सुधारने की नसीहत

## अतिक्रमण मुक्त खेल मैदान के लिए शिक्षामंत्री को एबीवीपी ने दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झालावाड़ द्वारा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ के खेल मैदान पर लंबे समय से प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा अतिक्रमण कर रखा है । जिला सयोंजक अंकित देव गुर्जर ने बताया की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ के खेल मैदान पर लंबे समय से अतिक्रमण कर रखा है, जिसको लेकर एबीवीपी और समाजसेवियों ने पूर्व में भी जिला प्रशासन और सरकार के नाम ज्ञापन देकर मामले से अवगत करा रखा है शिक्षा मंत्री के झालावाड़ आगमन पर कार्यकर्ताओ ने अतिक्रमण के सम्पूर्ण विषय में जानकारी देकर अतिक्रमण मुक्त करवाने की मांग की गई । विषय जानते ही शिक्षा मंत्री द्वारा अतिरिक्त जिला कलेक्टर को 31 सितम्बर को सम्पूर्ण अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिये ओर विषय की जांच करते हुए संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर सेवार्थ विद्यार्थी प्रांत संयोजक योगेंद्र नागर ,पूर्व जिला सयोंजक राहुल गुर्जर ,नगर मंत्री ऋषिराज सिंह छात्रसंघ अध्यक्ष दिपेन्द्र सिंह राठौड़ ,पुर्व महासचिव रामेश्वर सिंह चौहान, महासचिव राहुल फाघणा , आदित्य गोस्वामी ,गरिमा मेहता, राहुल गौतम, रामसुरुप लोधा निखिल गुर्जर , नरेश राठौर , लखन फाघणा ललित नागर,प्रियांशु पाटीदार ,धीरज गुर्जर , निर्मला सेन , हर्षिता , अंजलि , शिवानी , कमल गुर्जर ,अशोक , इंद्र सिंह ,रोहित धाकड़ , अर्जुन लोधा , मनोज शर्मा ,हर्षित जैन ,गणेश गुर्जर , आशीष नागर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# एनसीओएल और उत्तराखंड जैविक उत्पाद परिषद के मध्य हुआ एमओयू



बढ़ता राजस्थान

देहरादून(एजेंसी)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शुक्रवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के अधीन नेशनल कोऑपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) और उत्तराखण्ड जैविक उत्पाद परिषद ( उत्तराखंड सरकार) के बीच एमओयू साइन किया गया। इस मौके पर उत्तराखंड प्रदेश के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि अनुबंध में जैविक खेती करने वाले किसानों को एक मंच मिलेगा। इसके साथ ही जैविक उत्पादों को बाजार उपलब्ध होने के साथ ही बाजार पहुंच का विस्तार होगा। जैविक उत्पादन और विपणन प्रयासों में सुधार और किसानों की आय में वृद्धि होगी। इसमें राष्ट्रीय सहकारी ऑर्गेनिक लिमिटेड जैविक उत्पाद परिषद उत्तराखंड का पूर्ण सहयोग करेगा। जोशी ने कहा कि इसी अगस्त माह दिल्ली दौरे के दौरान उन्होंने केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमिल शाह से भेंट कर उनके साथ उत्तराखंड के जैविक उत्पादों विशेषकर बासमती चावल, चौलाई, मिलेट्स, दालें इत्यादि पर चर्चा कर उनसे नेशनल कोऑपरेटिव आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल) के माध्यम से उत्तराखण्ड के कृषकों के जैविक उत्पादों को क्रय कराये जाने का आग्रह किया था। इस पर केंद्रीय मंत्री की ओर से आश्वासन दिया गया था। मंत्री जोशी ने विभागीय अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि सहकारिता मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर इस कार्य को आगे बढ़ाया गया। एक माह के अन्दर ही हमारे प्रदेश के किसानों से एनसीओएल की ओर से उत्पाद क्रय किये जाने हेतु अनुबन्ध निष्पादित किया है। इसके लिए मंत्री गणेश जोशी ने केन्द्रीय मंत्री अमित शाह का भी आभार व्यक्त किया। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके कुशल नेतृत्व में जैविक उत्पाद परिषद के प्रयास से एनसीओएल के द्वारा उत्तराखंड सरकार के साथ आज जो एमओयू किया गया है।

# बीएपी के साथ गठबंधन नहीं करेगी भाजपा रोत समाज तोड़ने का काम कर रहे : राठौड़

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** उप चुनाव में भाजपा और बीएपी गठबंधन को लेकर चल रही अटकलों को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने खारिज कर दिया है। राठौड़ ने कहा- जो समाज को तोड़ने का काम कर रहे हैं, हम सपने में भी उनसे गठबंधन करने की नहीं सोच सकते हैं। मदन राठौड़ ने कहा- जो समाज सालों से एक है, समन्वय के साथ रहता है, रोत उसमें विभेद पैदा करना चाहते हैं। मैं वो (हिंदू) नहीं हूं, मैं ऐसा हूं, वैसा हूं, हम वो नहीं हैं। ऐसी बात कहकर समाज तोड़ने का सबसे बड़ा पाप वो कर रहे हैं। राठौड़ ने शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। राठौड़ बोले- भाजपा में अपने दम पर चुनाव जीतने की क्षमता राजकुमार रोत की पार्टी बीएपी से गठबंधन के सवाल पर मदन राठौड़ ने कहा कि जो समाज तोड़ने का षड्यंत्र करता है, जो समाज में विभेद पैदा करता है, जो एक वर्ग विशेष को भ्रमित करके समाज में खाई बनाने का काम करता है। हम उसके साथ गठबंधन करने का सपने में भी नहीं सोच सकते हैं। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा- हम केवल हमारे परिवार को चाक-चौबंद करने का काम कर रहे हैं। हमने अपने परिवार में बैठकर चर्चा की है, हमने किसी दूसरे से चर्चा नहीं की। हम लोकतंत्र के पक्षधर हैं। सबको अपनी बात रखने का अधिकार है, राजनीति करने का अधिकार है। इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं हैं। अगर कोई समाज को तोड़ने का काम करता है तो हमें आपत्ति है। भाजपा अपने दम पर चुनाव जीतने की क्षमता रखती है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रभारी ने गठबंधन के लिए कभी नहीं कहा। उन्होंने कहा था कि कोई भी यूथ जो उत्साहित है, वो सरकार से सहयोग लें। इसमें कोई दिक्कत की बात नहीं है। हम तो हमेशा विकास के लिए सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन राजनीतिक दृष्टि से सहयोग करने की बात नहीं कही है, न ही हम कभी करेंगे।

**प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास ने की थी रोत की तारीफ :** दरअसल, बुधवार को उदयपुर में बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा था- मैं तो चाहता हूं कि बांसवाड़ा सांसद राजकुमार रोत बड़े नेता बनें। अपने क्षेत्र के विकास के लिए भाजपा से मिलकर काम करें। हमारी सरकार राजस्थान और दिल्ली में है। हम सब उस क्षेत्र के विकास के लिए काम करें।

## देश और समाज के खिलाफ वाले दल से समझौता नहीं : मंत्री खराड़ी

उधर, उदयपुर में जनजाति मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि देश विरोधी किसी भी राजनीतिक दल के साथ भाजपा समझौता नहीं करेगी। खराड़ी ने धर्मांतरण पर कहा कि राजस्थान को अखाड़ा नहीं बनने दिया जाएगा। मंत्री ने बीएपी से गठबंधन की चर्चा के सवाल पर कहा- डूंगरपुर में भाजपा की स्थिति कमजोर नहीं है। वहां कमजोर स्थिति किसकी थी, वह सबको पता है। हम ऐसे किसी भी राजनीतिक दल से समझौता नहीं करेंगे जो देश और समाज के खिलाफ है। रोत की ओर से विकास के लिए मोदी के साथ आने की बात पर खराड़ी ने कहा कि न ऐसा कोई प्रस्ताव आया, न चर्चा हुई। भाजपा में आना चाहते हैं तो वैसा संस्कार होना चाहिए। कभी हृदय परिवर्तन होता है तो स्वागत है।

# आंध्र प्रदेश में गर्ल्स हॉस्टल के वॉशरूम में हिडन कैमरा

## 300 वीडियो-फोटो लीक; आरोपी बीटेक स्टूडेंट ने गर्लफ्रेंड को ब्लैकमेल कर कैमरा लगवाया, गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

विजयवाड़ा(एजेंसी)। आंध्र प्रदेश में कृष्णा जिले के गुडीवाड़ा में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के गर्ल्स वॉशरूम में हिडन कैमरा मिलने के बाद हंगामा हो गया। मामला गुडलावलेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग का है। घटना की जानकारी मिलते ही स्टूडेंट्स ने नारेबाजी शुरू कर दी। पुलिस ने इस मामले में कॉलेज में बीटेक फाइनल ईयर के स्टूडेंट विजय कुमार को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी का फोन और लैपटॉप भी जब्त किया है। बताया जा रहा है कि हिडन कैमरे से छात्राओं के वीडियो रिकॉर्ड करके बेचे जा रहे थे। पुलिस के मुताबिक अब तक लगभग 300 फोटो-वीडियो लीक हो चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक गुडलावलेरु कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग को इस बारे में एक हफ्ते पहले बताया गया था, लेकिन कॉलेज ने इस पर कोई एक्शन नहीं लिया। गुरुवार को छात्राओं ने नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन की खबर मीडिया तक न पहुंचे, इसलिए मैनेजमेंट ने कॉलेज के गेट बंद कर दिए थे। हालांकि छात्राओं ने देर रात तक प्रदर्शन जारी रखा तो पुलिस को मामले की जानकारी मिली।

# बेहतर प्रबंधन से प्रदेश में मौसमी बीमारियों पर प्रभावी नियंत्रण : चिकित्सा मंत्री

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि प्रदेश में मौसमी बीमारियों की रोकथाम का बेहतर प्रबंधन किया जा रहा है। विगत वर्ष की तुलना में अब तक मलेरिया एवं डेंगू के केस लगभग आधे हैं। ज्यादातर जिलों में स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने कहा कि आगे भी स्थिति नियंत्रण में रहे, इसके लिए विभागीय अधिकारी पूरी सजगता और सतर्कता के साथ काम करें। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी जाए। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं हो। चिकित्सा मंत्री शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में मौसमी बीमारियों, अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था, बजट घोषणाओं सहित अन्य विषयों पर समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर में भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर जलभराव स्थिति बनी है, ऐसे में मौसमी बीमारियों का प्रसार हो सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। अस्पतालों में दवा, जांच एवं उपचार की माकूल व्यवस्थाएं हों। साथ ही, स्थानीय निकाय एवं अन्य विभागों के साथ समन्वय कर रोकथाम गतिविधियों को मिशन मोड में संचालित किया जाए। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए व्यापक स्तर पर आईईसी गतिविधियां की जाएं। खींवसर ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में चिकित्सकों एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि समस्त अस्पतालों में हॉस्पिटल स्क्रीनिंग कमेटी एवं वायलेंस प्रिवेंशन कमेटी का गठन आवश्यक रूप से किया जाए। सभी संवेदनशील स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर नियमित मॉनिटरिंग की जाए एवं पर्याप्त संख्या में सुरक्षा गार्ड नियोजित किए जाएं। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव श्रीमती शुभ्रा सिंह ने कहा कि सभी अस्पतालों में मौसमी बीमारियों के लिए दवा एवं जांच किट्स की पर्याप्त उपलब्धता रखी जाए। साथ ही, संयुक्त निदेशक एवं सीएमएचओ सहित अन्य अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में मौसमी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग वस्तुस्थिति मुख्यालय पर अवगत कराएं। जल भराव वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बीमारियों का प्रसार नहीं हो।

**100 बैड से अधिक के अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्थाओं का होगा औचक निरीक्षण :** श्रीमती सिंह ने कहा कि चिकित्सा संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत चिकित्सालय में इमरजेंसी एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 24 घंटे सुरक्षा गार्ड मौजूद रहें। चिकित्सालय परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों पर विशेष नजर रखी जाए। नागरिकों मे एकल हैल्पलाईन नम्बर 112 का ज्यादा से ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाए। आउटसोर्स से लिये गये कार्मिकों का पुलिस वेरिफिकेशन आवश्यक रूप से किया जाए। सौ बैड से अधिक वाले समस्त चिकित्सा संस्थानों में नियंत्रण अधिकारियों द्वारा सुरक्षा व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया जाए। सीसीटीवी फुटेज एवं सीसीटीवी स्क्रीन की नियमित मॉनिटरिंग हो।

# पाकिस्तान को माकूल जवाब मिलेगा अब बातचीत का युग समाप्त : जयशंकर



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों के बारे में खुलकर बात की। जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग समाप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि हर कार्रवाई का परिणाम होता है और ये उसी के कर्म है।

## पाकिस्तान के साथ बातचीत का युग समाप्त

एक किताब के विमोचन के अवसर पर बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध बातचीत का युग समाप्त हो गया है। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, मुझे लगता है कि अनुच्छेद 370 समाप्त हो चुका है। इसलिए, आज मुद्दा यह है कि हम पाकिस्तान के साथ किस तरह के रिश्ते के बारे में सोच सकते हैं

## पाक को उसी की भाषा में जवाब देंगे

जयशंकर ने कहा कि अब लोग कहते हैं कि भारत ही बातचीत नहीं चाहता है। कुछ हद तक ये सही भी है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान चाहे सकारात्मक या नकारात्मक चीजें करे, हम उसे उसी की भाषा में जवाब देंगे।

## अफगानिस्तान के साथ मजबूत संबंध

जयशंकर ने कहा कि पाक से जैसा भी हो अफगानिस्तान के साथ हमारे मजबूत संबंध हैं। उन्होंने कहा, जहां तक अफगानिस्तान का सवाल है, वहां लोगों के बीच मजबूत संबंध हैं।

# भगवा रंग में रंगे कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन

## आधिकारिक रूप से बीजेपी ज्वाइन की

बढ़ता राजस्थान



सरायकेला (एजेंसी)। चंपई सोरेन अब भाजपा के हो गए हैं। आधिकारिक रूप से उन्होंने शुक्रवार को बीजेपी ज्वाइन कर ली है। बाबूलाल मरांडी ने चंपई को माला पहनाकर भाजपा में शामिल कराया। बता दें कि कोल्हान टाइगर चंपई सोरेन ने मजदूरों के हित में कई आंदोलन किए। उनके आंदोलन की शक्ति इतनी थी कि कोई उद्योगपति उनके सामने आवाज ऊंचा कर बात नहीं कर सकते थे। कोल्हान में चंपई सोरेन की एक अलग ही पहचान है। गरीबों से लेकर ऊंचे घरानों के लोग उनके दरबार में अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं और अपनी समस्याओं का निदान कर जाते हैं। महीनों की जद्दोजहद व लुकाछिपी के बाद 30 अगस्त को चंपई सोरेन भाजपा में शामिल हो गए। उनके साथ बड़ी संख्या में झामुमो के कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए। यहां बता दें कि बुधवार की शाम को ही चंपई सोरेन ने अपना इस्तीफा दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सौंप दिया था। सूत्रों के अनुसार, चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल होने के बाद दो दिनों तक रांची में ही रुकेंगे। यहां रुककर अगली राजनीति में अगला क्या कदम उठाना है, इस पर गहन मंथन करेंगे।

## झामुमो कैडर को भाजपा में कराएंगे शामिल

मंथन के उपरांत बड़ी संख्या में समर्थकों के साथ गाजे-बाजे के बीच अपने निवास जिलिंगगोड़ा पहुंचेंगे। फिर सरायकेला विधानसभा के झामुमो कैडरों को कार्यक्रम के दौरान भाजपा में शामिल कराने का काम करेंगे। इसके उपरांत सरायकेला के भाजपाइयों के साथ बैठक कर आगे की रणनीति पर विचार करेंगे।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास को प्रतिबद्ध सरकार : पशुपालन मंत्री जोराराम

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने शुक्रवार को पाली जिले के सुमेरपुर में वाइब्रेंट फार्मेसी कॉलेज नव निर्मित भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में विद्यार्थियों के अध्ययन व कैरियर निर्माण के लिये सभी प्रकार के साधन सुविधायें उपलब्ध कराने के लिये प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश और सुमेरपुर के विकास के लिये राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की मंशा है कि राज्य में विकास के कार्य हो और प्रदेश विकसित बने और जो भी प्रस्ताव लाये जायेंगे उन्हें मंजूरी दी जायेगी। इस अवसर पर उन्होंने बजट में किये गये सुमेरपुर के प्रावधानों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सुमेरपुर में कई प्रकार के साधन सुविधा लाने के प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में घुमन्तु परिवारों को भूखंड व पट्टे दिए जायेगें। कुमावत ने चाणोद में समाजसेवी व भामाशाह द्वारा ग्राम पंचायत चाणोद स्कूल में शीतल जल गृह का उद्घाटन किया जिसे शिक्षा विभाग को समर्पित किया गया साथ ही, ग्राम पंचायत में विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में सभी स्तर पर विकास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गायों की सेवा करनी चाहिए और गोवंश का संरक्षण करना चाहिये। इस अवसर पर साकदडा से शाम्भरा आशापुरा माताजी तक इंदिरा कॉलोनी गौशाला से चाणोद मुख्य सड़क का, भाचुन्दा सड़क, विभिन्न सी सी सड़क मय नाली निर्माण कार्य, गंदगी निस्तारण के लिये पुराने बैंक से सी सी सड़क मय नाली निर्माण, महाराणा प्रताप सर्किल पर सी सी सड़क निर्माण, इसके अतिरिक्त विभिन्न चाणोद में सी सी सड़कों नाली निर्माण, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में खेल मैदान के विकास कार्य आदि का उद्घाटन किया।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com